दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




व्रत के दौरान लें ऐसी डाइट की ना हो हेल्थ प्रॉब्लम....



फेस्टिव सीजन में स्किन दिखे ग्लोइंग....


वर्ष : 09 | अंक : 312 | लखनऊ, 18 अक्टूबर, बुधवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 22.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,166.93

निफ्टी 19,731.75

# प्रधानमंत्री ने 23,000 करोड़ की समुद्री परियोजनाओं की शुरूआत की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 23,000 करोड़ रुपये की समुद्री परियोजनाओं की शुरूआत की और इसके साथ ही नीली अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक दृष्टि दस्तावेज जारी किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें बंदरगाह सुविधाओं में वृद्धि, सतत प्रथाओं को बढ़ावा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाए जाने के मकसद से रणनीतिक पहल की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के तीसरे संस्करण के दौरान भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए 23,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया या उनका शिलान्यास किया। इस शिखर सम्मेलन में भविष्य के पत्तनों सहित समुद्री क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

इसके अलावा बैठक में कार्बन में कटौती (डिकाबोर्नाइजेशन), तटीय जहाजरानी और अंतरदेशीय जल परिवहन, पोत निर्माण, वित्त, समुद्री पर्यटन आदि मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में करीब 4,500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले टूना-टेकरा टर्मिनल की नींव रखी। इस ग्रीनफील्ड टर्मिनल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रक्रिया के तहत विकसित किया जाएगा। इस टर्मिनल के एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है और यह अगली पीढ़ी के पोतों का प्रबंधन करेगा और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के जरिए भारतीय व्यापार के लिए प्रवेश द्वार का कार्य करेगा।

## गगनयान मिशन को लेकर पीएम मोदी की बड़ी बैठक

### 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय भेजने का रखा लक्ष्य

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गगनयान मिशन की पहली प्रदर्शन उड़ान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भारत को 2040 तक चंद्रमा पर एक आदमी भेजने और 2035 तक एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिकों से वीनस ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर पर काम करने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि गगनयान मिशन पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, अंतरिक्ष विभाग ने मिशन का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें अब तक विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियां जैसे मानव-रेटेड लॉन्च वाहन और सिस्टम योग्यता शामिल हैं। बयान के मुताबिक यह नोट किया गया कि ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल के 3 अनक्रूड मिशनों सहित लगभग 20 प्रमुख परीक्षणों की योजना बनाई गई है। बैठक में मिशन की तैयारी का मूल्यांकन किया गया और 2025 में इसके लॉन्च की पुष्टि की गई। पीएम मोदी ने निर्देश दिया कि भारत को अब नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का लक्ष्य रखना चाहिए, जिसमें 2035 तक 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) स्थापित करना और 2040 तक चंद्रमा पर पहले भारतीय को भेजना शामिल है। 

## 110 नए पायलट, कनेक्टिविटी में 35% की हुई वृद्धि

**परिचालन संकट से निपटने के लिए अकासा एयर की तैयारी**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** 14 महीने पुरानी अकासा एयर को उम्मीद है कि हाल के महीनों में पायलटों के अचानक इस्तीफे के बाद कंपनी जिस संकट का सामना कर रही है वह खत्म हो जाएगी। कम लागत वाली वाहक परिचालन संकट को ठीक करने के लिए एक आकस्मिक योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसके कारण उड़ान सेवाओं को बड़े पैमाने पर रद्द करना पड़ा और कुछ मार्गों पर उड़ानों को निलंबित कर दिया गया। अकासा एयर आने वाले दिनों में 110 पायलटों की भर्ती करने और साप्ताहिक उड़ान संचालन में सुधार करके चालू वित्त वर्ष के अंत तक कनेक्टिविटी को 30-35 प्रतिशत तक बढ़ाने की प्रक्रिया में है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में पायलटों के अचानक इस्तीफे से उड़ान संचालन प्रभावित हुआ था, अगस्त में रद्दीकरण दर 1.17 प्रतिशत थी, जो बाद में सितंबर में घटकर 0.37 प्रतिशत हो गई। जबकि अकासा एयर ने 'नेटवर्क अनुकूलन प्रक्रिया' के कारण जून में अपनी बेंगलुरु-चेन्नई उड़ान सेवाओं को निलंबित कर दिया था, एयरलाइन ने अचानक इस्तीफे के बाद पायलटों की 'क्षमता' को देखते हुए बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच अपने परिचालन में अस्थायी रूप से कटौती कर दी है। एयरलाइंस के एक बयान के अनुसार, अकासा के पास वर्तमान में 450 से अधिक पायलट और 20 विमान हैं। इसके अलावा, एयरलाइन के पास पायलटों से 110 हस्ताक्षरित प्रतिबद्धताएं हैं जो उनकी नोटिस अवधि के विभिन्न चरणों में हैं और पूरा होने पर उनसे जुड़ जाएंगे। इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए, मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और अकासा एयर के सह-संस्थापक, प्रवीण अय्यर ने कहा कि इनमें से कुछ पायलटों ने 24 घंटे से भी कम समय के नोटिस पर हमें छोड़ दिया। जब आप ऐसे इस्तीफों का सामना करते हैं, तो इसका आपकी उड़ानों को रोस्टर करने की क्षमता पर प्रभाव पड़ता है।

**संक्षिप्त समाचार**

## पूर्व आईएएस अधिकारी समेत कई सेवानिवृत्त अधिकारी भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी विजय कुमार सिंह और झारखंड सरकार के कई अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी में शामिल हो गए। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने नए सदस्यों का सोमवार को स्वागत किया। सिंह ने कहा, मैं भाजपा में शामिल इसलिए हुआ क्योंकि मैं सेवानिवृत्ति के बाद देश की सेवा के लिए अपने अनुभव और क्षमता का उपयोग करना चाहता था। (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी के नेतृत्व, पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों ने मुझे इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पार्टी ने दावा किया कि पूर्व आईएएस के अलावा, सेवानिवृत्त राज्य अग्निशमन अधिकारी सुधीर कुमार वर्मा, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक ललन ठाकुर और सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश जी के दुबे के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) एवं आजसू (ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन) के कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। मरांडी ने पार्टी में शामिल नए सदस्यों को बधाई देते हुए कहा, इस प्रकार के अनुभवी लोगों की क्षमता और कार्यकुशलता से पार्टी को फायदा होगा।

## बीजेपी-आरएसएस वाले ऐसा भारत चाहते हैं जहां सिर्फ मोदी और उनका नियंत्रण हो : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि दोनों पार्टियां जेडपीएम (जोरम पीपुल्स मूवमेंट) और एमएनएफ (मिजो नेशनल फ्रंट) भाजपा और आरएसएस के लिए राज्य (मिजोरम) में प्रवेश करने का साधन हैं और उनकी पार्टी कभी भी (राज्य) में प्रवेश का साधन नहीं बन सकती है। क्योंकि वे वैचारिक रूप से पूरी तरह से बीजेपी के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में मुझे अपना साथी और अपना सिपाही समझो। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस चाहते हैं कि उनका विचार मिजोरम में प्रवेश करे। उन्हें मिजोरम में प्रवेश करने के लिए भागीदारों की आवश्यकता है, और एमएनएफ और जेडपीएम भाजपा को राज्य में उनके विचार की घुसपैठ में मदद करेंगे। राहुल ने कहा कि भाजपा-आरएसएस एक ऐसा भारत चाहते हैं जो दिल्ली से चले और पूरी तरह से नरेंद्र मोदी और आरएसएस द्वारा नियंत्रित हो। हम ऐसा भारत चाहते हैं जो भारत के लोगों द्वारा चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मिजोरम के लोगों की बात सुनी जाती है। मुझे आपको अपने 'मन की बात' बताने में कम और आपके 'मन की बात' सुनने में ज्यादा दिलचस्पी है। इसलिए जब भी आपको किसी भी चीज में मेरी मदद की जरूरत होगी, मैं आपके लिए उपलब्ध हूं। उन्होंने कहा कि मिजोरम के लोगों के रूप में, अपनी संस्कृति, इतिहास, परंपरा और धर्म की रक्षा करना आपका कर्तव्य है।

## समलैंगिक विवाह, डेस्टिनेशन वेडिंग पर सिख धर्म के तमाम तख्त हुए सख्त

**बठिंडा गुरुद्वारे के ग्रंथी को अयोग्य घोषित कर दिया**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने से एक दिन पहले अमृतसर में 'पंज सिंह साहिबान' (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी। 18 सितंबर को बठिंडा जिले के गुरुद्वारा कलगीधर साहिब में दो महिलाओं ने शादी कर ली। इसके बाद, अकाल तख्त ने गुरुद्वारे के 'ग्रंथियों' (सिख पुजारियों), प्रबंधन और 'रागियों' (गुरबानी व्याख्याताओं) को निलंबित कर दिया था।

अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है और पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया। गुरुद्वारे के प्रमुख ग्रंथी हरदेव सिंह, पुजारी अजायब सिंह, 'रागी' सिकंदर सिंह और 'तबला वादक' सतनाम सिंह को 'सिख राहत मयार्दा' (आचार संहिता) का उल्लंघन करने के लिए पांच साल के लिए काली सूची में डाल दिया गया है।

## शोषित और उपेक्षित लोगों के लिए डॉ. सोनेलाल पटेल का संघर्ष अविस्मरणीय : सीएम योगी आदित्यनाथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना दल के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि शोषित और उपेक्षित लोगों के लिए उनका संघर्ष अविस्मरणीय है।

मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को सोशल साइट एक्स पर अपने संदेश में कहा कि सामाजिक न्याय के सशक्त हस्ताक्षर, अपना दल के संस्थापक, डॉ. सोनेलाल पटेल की पुण्यतिथि (17 अक्टूबर) पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि ! जिन सामाजिक विषयों को लेकर वे आजीवन मुखर रहे, उस दिशा में नए भारत में व्यापक परिवर्तन हुआ है। शोषित और उपेक्षितों के लिए उनका संघर्ष अविस्मरणीय है।

उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर डॉक्टर पटेल को अपनी श्रद्धांजलि में कहा कि सामाजिक न्याय और समरसता के प्रखर प्रणेता तथा किसानों, अति पिछड़ों, वंचितों एवं शोषितों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।



गौरतलब है कि दोफाड़ हो चुके अपना दल के दोनों धड़े अपना दल (एस) और अपना दल (कमेरावादी) आज डॉक्टर सोनेलाल पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (एस) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस (17 अक्टूबर) पर जनपद प्रतापगढ़ के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) मैदान में मंगलवार को विशाल संकल्प सभा का आयोजन किया गया है। सभा को मुख्य अतिथि के तौर पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल संबोधित करेंगी। अपना दल (कमेरावादी) की अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने मंगलवार को पीटीआई- को बताया कि पार्टी पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर डॉक्टर पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देगी और सरकार से उनकी मौत की सीबीआई जांच की मांग करेगी। कृष्णा पटेल लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। अपना दल (कमेरावादी) का आरोप है कि डॉक्टर पटेल की साजिश के तहत हत्या की गयी थी और इस मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर पार्टी धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करती आ रही है।

## दीपोत्सव पर 24 लाख दीयों से जगमगाएगी राम की पैड़ी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



अयोध्याउ, दीपोत्सव को और भव्य बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दीपोत्सव के तहत राम की पैड़ी पर 11 नवंबर को 24 लाख दीये जलाए जाएंगे और दीपावली की पूर्व संध्या पर यहां लाइट एंड साउंड शो का आयोजन शुरू होगा। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया, आगामी 11 नवंबर को सरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी पर 24 लाख दीपक जलाए जाएंगे। अयोध्या में 11 नवंबर से राम की पैड़ी पर रोजाना एक भव्य लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाएगा। पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार हर दिन दो शो होंगे और इसे सरकार से हरी झंडी मिल गई है। उन्होंने बताया, लाइट एंड साउंड शो के आयोजन की जिम्मेदारी सरकारी एजेंसी - उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को दी गयी है। इसके लिए लगभग 65 फीट ऊंचाई के दो स्टील कॉलम खड़े किए जाएंगे और बीच में एक पर्दा लगाया जाएगा। कुमार ने बताया कि राम की पैड़ी में करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से लाइट एंड साउंड शो आयोजित किये जाएंगे। इस शो में सरयू आरती के बाद रामायण पर आधारित फिल्में दिखाई जाएंगी। उन्होंने बताया, लाइट एंड साउंड शो का यह कार्यक्रम शाम को दो घंटे के लिए आयोजित किया जाएगा। यह सभी के लिए निःशुल्क होगा। योजना के तहत यह शो अगले पांच साल तक रोजाना आयोजित होगा। अयोध्या में दीपोत्सव की परंपरा वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के साथ शुरू हुई थी। उस साल 51,000 दीयों से शुरूआत करके 2019 में यह संख्या 4.10 लाख, 2020 में छह लाख से अधिक और 2021 में नौ लाख के कीर्तिमानी स्तर से अधिक हो गई। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। वर्ष 2022 में राम की पैड़ी के घाटों पर 17 लाख से अधिक दीये जलाए गए, लेकिन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने केवल उन दीयों को ही गिना जो पांच मिनट या उससे अधिक समय तक जलते रहे। इस तरह 15.76 दीयों का रिकॉर्ड बना। अक्टूबर में हुए पिछले दीपोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि थे। इस साल का आयोजन खास होगा क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य जोरों पर है।

## मदरसों को अनुदान देने की योजनाओं के बारे में बताए सरकार : उच्च न्यायालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों से उन योजनाओं से अवगत कराने को कहा, जिनके तहत मदरसों को अनुदान योजना के तहत लाया गया है। पीठ ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को निरीक्षण रिपोर्ट के साथ-साथ राज्य सरकार या मदरसों को किए गए अन्य उन संबंधित पत्राचार को रिकॉर्ड पर लाने के लिए भी समय दिया, जिनके आधार पर सरकारी खर्च पर मदरसों में धार्मिक शिक्षा प्रदान की जाती है। न्यायमूर्ति ए. आर. मसूदी और न्यायमूर्ति ओ. पी. शुक्ला की पीठ ने सरकारी खजाने के धन से धार्मिक शिक्षा प्रदान करने के मामले में न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की गई जनहित याचिका पर यह आदेश पारित किया। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने एनसीपीसीआर की वकील स्वरूपमा चतुर्वेदी को सहायता प्राप्त या गैर सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों, जहां इस तरह का उल्लंघन देखा गया हो, से संबंधित कोई भी अन्य दस्तावेज दाखिल करने की भी छूट दी थी। पीठ ने मामले में अदालत की सहायता के लिए वरिष्ठ वकील जे.एन. माथुर को नियुक्त किया और मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

## मेरठ में हुआ दर्दनाक हादसा, एक मकान में विस्फोट से चार लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




मेरठ। मेरठ में मंगलवार को सुबह लोहिया नगर इलाके में एक मकान में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए आज यहां बताया कि विस्फोट में पांच लोग घायल हुए थे और इलाज के दौरान उनमें से चार लोगों की मौत हो गयी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव के निर्देश दिये हैं। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से चार ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह सभी पुरुष हैं और वयस्क हैं। इनकी शिनाख्त के लिए अभी तक आसपास से कोई नहीं पहुंचा है। ऐसा लगता है कि यह लोग फैक्टरी में काम करने वाले मजदूर थे जिनकी विस्फोट में जान चली गई। उन्होंने बताया कि मौके से साबुन बनाने की सामग्री और साबुन का स्टॉक मिला, जिससे ऐसा लगता है कि यहां साबुन बनाने या साबुन की पैकिंग आदि का काम होता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि घटना थाना लोहिया नगर क्षेत्र की एक दो-मंजिला इमारत में हुई है। उन्होंने कहा कि इस इमारत में नीचे साबुन बनाने की फैक्ट्री थी, जिसमें आज सुबह धमाका हुआ और फिर मकान की छत गिर गई है। उनके अनुसार, इस हादसे में पांच लोग मलबे में दब गए थे, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया। एसएसपी ने बताया कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

एसएसपी ने बताया कि मौके से साबुन बनाने का केमिकल बरामद हुआ है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश में कहा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद मेरठ में हुए हादसे में जनहानि पर गहरा शोक प्रकट व्यक्त किया है।

## सत्तारूढ़ भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को दी अन्याय और ज्यादती करने की खुली छूट : अखिलेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर अपने कार्यकताओं को किसी के साथ भी अन्याय और अत्याचार करने की खुली छूट देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि वे चाहे जितना जुल्म कर लें मगर उनके घरों पर बुलडोजर नहीं चलाया जाएगा। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने यहां एक बयान में बताया कि पार्टी मुखिया अखिलेश यादव आज कानपुर नगर के चकेरी में आयोजित नेताजी मण्डल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उसके बाद उन्होंने श्यामनगर में कथित रूप से भाजपा पार्षद के पति के हमले में घायल हुए व्यवसायी सरदार अनमोल भाटिया के आवास जाकर उनसे मुलाकात की। बयान के मुताबिक, यादव ने आरोप लगाया, भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार चरम पर है।

भाजपा को बहुत अहंकार हो गया है। वह आदमी को आदमी नहीं समझ रही है। कानपुर में दवा व्यवसायी अनमोल भाटिया को भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इतना मारा कि उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। उनकी आंख को नुकसान हुआ। पुलिस के सामने पिटाई हुई। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस (कतई बर्दाश्त नहीं करना) की बात करने वाली भाजपा सरकार ने अपने कार्यकताओं को खुली छूट दे रखी है कि वे किसी की भी पिटाई कर दें, आंख की रोशनी छीन लें। वे जनता पर चाहे जितना अन्याय, अत्याचार करें मगर उनके घरों पर बुलडोजर नहीं चलेगा। यादव ने पूछा, सरकार ने अन्याय करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? उनके घरों पर बुलडोजर क्यों नहीं चलाया?

क्या लखनऊ से बुलडोजर चलाने की इजाजत नहीं मिली? गत 23 सितंबर की रात कानपुर में गाड़ी ओवरटेक करने पर भाजपा पार्षद सौम्या शुक्ला के पति अंकित शुक्ला और मेडिकल उपकरण का काम करने वाले व्यापारी अमोल दीप सिंह के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि इसके बाद पार्षद के पति ने अपने पांच साथियों के साथ सिंह को इतनी बुरी तरह पीटा कि उनकी आंख बाहर निकल आई थी।

इसके बाद आरोपी अपने साथियों के साथ फरार हो गया था मगर बाद में 29 सितंबर को उसने आत्मसमर्पण कर दिया था। सपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल में पुलिस गिरोह बनाकर लोगों पर अन्याय कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा, सपा जाति जनगणना की मांग लगातार कर रही है। सपा हर कीमत पर जाति जनगणना करायेगी। उन्होंने दावा किया, लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है और 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सबसे ज्यादा सीटें जीतेगी। पीडीए-पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक एकजुट होकर भाजपा का सफाया कर देंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में करीब दो सप्ताह पहले काम पर निकला एक मजदूर युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद उसके परिजनों ने सरोजनीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के अमौसी निवासी अतुल मिश्रा के मुताबिक उसका छोटा भाई आलोक मिश्रा (28) इलाके के ही शांति नगर में रहने वाली अपनी मौसी के घर में रहकर ट्रांसपोर्ट नगर में मजदूरी करता है। अतुल का कहना है कि आलोक मजदूरी करके रोज शाम को वापस मौसी के घर आ जाता था। लेकिन जिस दिन ज्यादा काम होता था तो वह ट्रांसपोर्ट नगर में ही दो-तीन दिन रहकर काम खत्म करने के बाद वापस घर आता था। अतुल का कहना है कि 4 अक्टूबर को आलोक काम पर गया था, लेकिन तब से वापस नहीं लौटा। आलोक अपने पास मोबाइल भी नहीं रखता है। काफी इंतजार के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी रिश्तेदारी व परिचितों के यहां काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका। इसके बाद अतुल मिश्रा ने उसकी गुमशुदगी की सूचना सरोजनीनगर थाने पर दी। पुलिस मामला दर्ज कर उसका पता लग रही है।

## जागरण में गई महिला के घर से चोरों ने नकदी सहित जेवर किये पार

काकोरी। दुबग्गा क्षेत्र में सोमवार रात परिवार संग जागरण में गई महिला के मकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने जेवरात समेत पंद्रह हजार नगदी चोरी कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल की और दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चौकी इंचार्ज रामसेवक राणा के अनुसार बसंत कुंज निवासी कंचन ने बताया कि सोमवार रात जागरण में शामिल होने जानकीपुरम परिवार सहित गई हुई थी। घर मे कोई नही था। तभी आए अज्ञात चोरों ने मकान के मेन गेट का लॉक तोड़ दिया और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़ कर दो सोने अंगूठी, एक सोने चैन, चांदी की पैजेब और पन्द्रह हजार रुपए नगदी चोरी कर मौके से फरार हो गए। जागरण से वापस आने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़िता पति से अलगाव के बाद से बसंतकुंज में किराए पर रह रही है। पीड़िता कंचन की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो संदिग्ध लोगों को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस ने स्कूल व पंचायत घरों में चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## मलिहाबाद पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान, एक बाइक व देशी तमंचा किया बरामद, चोरी की बाइक से चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम

**तीन माह से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही थी चोरी की वारदात**

**पकड़े गए दोनों शातिर आरोपी आपस में रिश्तेदार ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर करते थे वारदात**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** पुलिस के लिए चुनौती बने चोरों के एक गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। शनिवार को पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर मलिहाबाद थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा किया है।

थाना मलिहाबाद व सर्विलांस टीम डीसीपी पश्चिमी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर अन्तर्जनपदीय चोरों को किया गया गिरफ्तार। साथ ही उनके पास से भारी मात्रा में चोरी किये गये सामान, एक बाइक व एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर मय तीन जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि ये दोनों योजना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों व पंचायत घरों को अपना निशाना बनाते थे। पकड़े गए दोनों अभियुक्त आपस में रिश्तेदार हैं। इनके द्वारा दर्जनभर से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। पकड़े जाने पर सभी चोरी की वारदातों को कबूल किया है। इनकी खास बात यह है कि यह चोरी करने के बाद जेल जाते है और वहां से छूटने के बाद फिर चोरी करने लगते है।

डीसीपी पश्चिमी राहुल राज ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों पिछले तीन व चार महीनों में लगातार चोरी हो रही थी। इसी को देखते हुए क्राइम ब्रांच और देहात थाने को मिलाकर एक टीम गठित की गई थी। ताकि चोरों को



पकड़ा जा सके। इसी क्रम में पुलिस टीम को मुखबिर खास सूचना मिली कि घुसौली पंचायत भवन में चोरी करने वाले दो व्यक्ति अवैध असलहा लेकर मोटरसाइकिल पर नवीपनाह तिराहे पर बैठे हैं और चोरी का सामान बेंचने की फिराक में हैं। अगर जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर टीम मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचे और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये व्यक्तियों में से पहले व्यक्ति ने अपना नाम मनीष उर्फ मनोज पुत्र स्व. तेजी निवासी बीबीगंज लकमण्डी थाना सहादतगंज तथा दूसरे ने अपना नाम जय उर्फ गोलू पुत्र धनी राम निवासी ग्राम रैथा थाना बक्शी का तालाब बताया।

मनीष की जामा तलाशी से एक देशी तंमचा 12 बोर तथा तीन जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गोलू की जामा तलाशी ली गयी तो दाहिने हाथ के थैले से एक राड लोहे की लम्बाई करीब दो फीट, एक प्लास बड़ा, एक पेचकश व छह चाबी लोहे की व एक इनवर्टर बरामद हुआ। इनवर्टर के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछने पर मांफी मांगते हुए दोनों व्यक्ति एक स्वर में बताया कि साहब हम लोग बहुत गरीब हैं छोटी मोटी चोरियां करके उक्त सामान को बेंचकर रोजी रोटी चलाते हैं। आज इस इनवर्टर को बेंचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

मोटरसाइकिल के बारे में पूछा तो बताये कि उक्त बाइक हम दोनों ने तीन अगस्त को बेहटा कुर्शी रोड से चोरी की है। उक्त मोटरसाइकिल का नं. ई-चालान एप पर चेक करने पर वाहन स्वामी इन्दल पुत्र लोचन निवासी सिवान पोस्ट जगदीशपुर, बीकेटी के नाम पंजीकृत है और कड़ाई से पूछने पर दोनों ने बताया कि छह जून की रात्रि में पंचायत भवन घुसौली मलिहाबाद में हम दोनों ने मिलकर पंचायत भवन के कम्प्यूटर इन्वर्टर, बैटरा आदि सामान व 17 जुलाई की रात्रि में पंचायत भवनकुशभरी मलिहाबाद में मानिटर, यूपीएस, इन्वर्टर, बैटरा, सीवीयू व की-बोर्ड व 19 जुलाई को ग्राम भदेसरमऊ से तीन सौलरपैनल व 14 अक्टूबर की रात्रि में ग्राम मोहम्मदनगर तालुकेदारी मलिहाबाद में पंचायतभवन से एक ग्लैन्डर व केबिल व 23 जुलाई की रात्रि में पंचायतभवन लतीफपुर थाना माल से कम्प्यूटर, इनवर्टर, बैटरा आदि व 13 अगस्त की रात्रि में ग्राम गौरईया थाना माल के प्राथमिक विद्यालय से स्टील की टंकी बर्तन, गैस सिलेण्डर आदि व आठ सितंबर की रात्रि में एनगांव मिनी सचिवालय पंचायतघर थाना क्षेत्र बन्थरा से कम्प्यूटर बैटरा, इनवर्टर आदि व 26 सितंबर की रात्रि में तिरवा गांव थाना बन्थरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय से 10 पंखे एवं 10 अक्टूबर की रात्रि गांव अटरिया थाना हसनगंज उन्नाव के पंचायत भवन से बैटरी इनवर्टर चोरी किया था। इनकी निशादेही पर किराये के मकान मैकू यादव निवासी यादव पुरवा अहिरनखेड़ा अल्लूनगर डिगुरिया थाना मड़ियाव से अभियुक्तगण द्वारा अपने कमरे का ताला खोलकर बताया कि यह मेरे व मेरे साथी द्वारा सभी चोरियों का चोरी किये हुए सामान है। बरामद तमंचे के सम्बन्ध में मनीष उर्फ मनोज उपरोक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों ने कुल मिलाकर दस चोरी की घटनाओं को कबूल किया है। पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट के समक्ष भेजा जा रहा है। दोनों अभियुक्त मजदूरी करते हैं।

## विश्वकीर्ति राय ने जिला रोलर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज. लखनऊ। जिला रोलर स्केटिंग की आठवीं चैंपियनशिप शनिवार को लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित की गई। जिसमे लखनऊ के हरिकंशगढी मोहनलालगंज रोड स्थित इंडस इंटरनेशनल एकेडमी स्कूल के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र विश्वकीर्ति राय ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता चटर्जी ने विद्यार्थी का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय संस्था के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है ऐसा खेल जिनमें शारीरिक गतिविधियों की स्पष्ट भूमिका होती है, और बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि अब खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि कोई भी छात्र - छात्रा पढ़ाई के साथ खेलों में सहभागिता कर अपनी आजीविका भी सुनिश्चित कर सकता है। विद्यालय के प्रबंधक अतुल श्रीवास्तव ने इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इंडस इंटरनेशनल एकेडमी में भावी पीढ़ी की रुचि का न

## निहारिका साहित्य मंच ने किया मां दुर्गा सम्मान समारोह का आयोजन

**के जी एम यू की वी सी डॉक्टर सोनिया नित्यानंद ने कई महिलाओं को किया सम्मानित**

**डॉक्टर रीमा सिन्हा की पत्रिका नोयोनिका का हुआ विमोचन**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। निहारिका साहित्य मंच एवं कंट्री ऑफ इण्डिया हमेशा से संयुक्त रूप से समाज के हर वर्ग के उन लोगों का उत्साह वर्धन करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित करती रही है। उसी क्रम में नवरात्रि के पावन पर्व पर दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को गोमती नगर स्थित सौभाग्यम होटल में एक खुशनुमा माहौल में, देश विदेश में प्रख्यात कावित्रियाँ तथा लेखक साहित्यकारों को मां दुर्गा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में के जी एम यू की वी सी डॉक्टर सोनिया नित्यानंद मौजूद थी। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष रीमा सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में



सम्मानित होने वाली कावित्रियो में, जहां डॉ अलका गुप्ता, प्रियदर्शिनी वंदना, विशेष प्रदक्षिणा मिश्रा, प्रतिभा श्रीवास्तव, सरोज बाला सोनी, मधु पाठक मांझी, उमा लखनवी, प्रतिभा सिंह, डॉ विभा प्रकाश, लक्ष्मी सरोजा इंजेती, प्रीति तिवारी, वसुंधरा, डॉक्टर नीमा पंत, रूबा खान, फलक जायस भारती को सम्मान से नवाजा गया। तो वहीं विश्व प्रसिद्ध हास्य कवि सर्वेश अस्थाना जी को सम्मानित किया गया। इसी के साथ समाजसेवियों साहित्यकारों व पत्रकारों में डॉक्टर सुलतान शाकिर हाशमी, डॉक्टर विद्या बिंदु जी, अजीज सिद्दीकी व अब्दुल वहीद, डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी, आजाद हफीज, मोनी मिश्रा, डॉक्टर वी बी पांडे, अहसन रईस, परवेज अख्तर, आरिफ मुकीम, जमील मालिक, डॉक्टर राधेश्याम, मो इकराम, शबाब नूर, टीटू, अहसन रईस, मो शादाब, मो आदिल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर रीमा सिन्हा की पत्रिका नोयोनिका का विमोचन भी हुआ।

## विधायक ने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट का वितरण



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए मगंलवार को टैबलेट का वितरण किया गया। ब्लाक मुख्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत ने बीडीओ पूजा सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने परिषदीय विद्यालयो के प्रधानाध्यापको व वरिष्ठ शिक्षको को टैबलेट वितरित किया। विधायक अमरेश कुमार रावत ने कहा आने वाले समय में छात्र एवं शिक्षकों की उपस्थिति भी टैबलेट के माध्यम से की जाएगी। सरकार बेसिक शिक्षा विभाग में योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन एंव निष्पक्ष तरीके से लागू करने के लिये तत्पर हैं। इस मौके पर बीडीओ पूजा सिंह, एबीएसए मनीष कुमार सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू, प्रदीप सिंह, मधुसूदन त्रिवेदी, दिनेश कुमार, अविनाश सिंह मौजूद रहें।

## चोरों ने बंद पड़े मकान को बनाया निशाना, लाखों की नगदी व गहने किए पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में चोर इतने बेखौफ हो गए हैं कि वह आए दिन कहीं ना कहीं चोरी की घटना अंजाम देते जा रहे हैं। इसी क्रम में चोरों ने सोमवार रात सरोजनीनगर में एक बंद मकान को अपना निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत का सामान और लाखों की नगदी उठा ले गए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सरोजनीनगर के शांति नगर निवासी मो. इरफान अंसारी के मुताबिक उनकी एक माह की बेटी कानपुर में भर्ती है। परिजन भी वहीं अस्पताल में उसकी देखरेख कर रहे हैं। मो. इरफान अंसारी के मुताबिक रविवार करीब 11 बजे वह भी अपने घर में ताला बंद कर कानपुर स्थित अस्पताल चले गए। तभी सोमवार रात मेन गेट का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए चोरों ने अंदर कमरों के दरवाजे और अलमारी के ताले भी तोड़ दिए। मो. इरफान अंसारी का कहना है कि चोर यहां से करीब 5 लाख रुपए कीमत का सामान और लगभग ढाई लाख रुपए की नगदी उठा ले गए। इस दौरान चोरों ने बगल के एक अन्य घर को भी अपना निशाना बनाया। उन्होंने यहां ताला तोड़ने की कोशिश की, लेकिन तोड़ नहीं पाए। पीड़ित का कहना है कि चोर उसके घर से सामान और नगदी के अलावा कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गए। कानपुर से वापस लौटे मो. इरफान अंसारी को जब घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगाया जा रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर खाताधारक के खाते से उड़ाए रुपए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, जालसाजों ने आलमबाग क्षेत्र में रहने वाले एक खाताधारक को फोन पर बिजली विभाग से बता बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर एटीएम नंबर हासिल कर खाते से चार बार में पचीस हजार रुपए निकाल लिऐ पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी एवं आईटी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है आलमबाग क्षेत्र के शान्तिनगर, छोटा बरहा मकान संख्या 554/332 में चतुर्भुज प्रसाद सिंह अपने पत्नी मालती सिंह संग रहते है और अपना बैंक खाता यूको बैंक कैलाशपुरी आलमबाग शाखा में संचालित कर रखे है बुजुर्ग खाताधारक के मुताबिक उनके मोबाईल फोन पर एक काल आयो कॉलर ने अपने आप को बिजली विभाग से बताया और बिजली बिल




अपडेट करने का झांसा दिया जिसपर उन्होंने स्मार्ट फोन उपयोग न करने की बात कह अपनी पत्नी का नंबर दिया जालसाजों ने उनकी पत्नी के व्हाट्सअप नंबर माध्यम एटीएम का नंबर मांग चार बार में उनके खाते से पचीस हजार रुपए निकाल लिए पैसे निकलने का मैसेज आने पर खाताधारक ने अपनी बैंक शाखा में सम्पर्क कर स्थानीय थाने पर शिकायत की है शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी एवं आईटी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है

## 45 दिन चलेगा महाकुंभ 2025, छह करोड़ लोगों के आने की उम्मीद

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में वर्ष 2013 के बाद 12 वर्षों में लगने वाले प्रयागराज महाकुम्भ 2025 को दिव्य और भव्य रूप से बेहतर सुविधाओं और व्यवस्था के साथ मनाया जायेगा। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का समाना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अभी से युद्धस्तर पर कार्य करा रहीं है और सड़क, पुल, बिजली, मेला क्षेत्र के विस्तारीकरण और व्यवस्थापन के दो हजार करोड़ रूपए से अधिक के प्रोजेक्ट धरातल पर आ चुके हैं। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जल निगम हॉस्टल 'संगम', लखनऊ से महाकुंभ 2025 के लिए की जा रही तैयारियों को लेकर आयुक्त प्रयागराज, संबंधित विभागों और एजेंसियों के अधिकारियों के साथ कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की।

## निजी पैथालाजी की जांच में कई मरीजो में डेंगू की पुष्टि, एक की हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के सिसेण्डी गांव में डेंगू के लक्षणो वाले रहस्यमयी तेज बुखार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है, कई दर्जन लोग अब भी तेज बुखार की चपेट है ओर निजी अस्पतालो में इलाज कराने को मजबूर है. मगंलवार को सीएमओ डा०मनोज अग्रवाल के निर्देश पर मगंलवार को एसीएमओ डा०गोपाल लाल, डिप्टी सीएमओ डा०निशान्त निर्वान, डीएमओ रितू श्रीवास्तव ने सीएचसी अक्षीधक डा०अशोक कुमार समेत 45 एनएनएम व सीएचओ की टीम के साथ सिसेंडी गांव पहुंचकर बुखार पीड़ित मरीजो के घर पहुंचकर 92लोगो की जांच कर दवाओ का वितरण किया। स्वास्थ टीम ने गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया। स्वास्थ कर्मियों ने ग्रामीणो से अपील की वो अपने घरो के कूलरो व नालियो में गंदा पानी ना जमा होने दे जिससे एंटीलार्वा पनन सके, बीमारी से बचाव के लिये अपने घरो के आस-पास साफ-सफाई स्वयं रखे। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने गांव पहुंचकर निरीक्षण किया तो ग्रामीणो ने गंदगी से पटी पड़ी नालियो व गलियों की साफ-सफाई ना कराये जाने समेत फांगिंग ना कराये जाने की शिकायत की, जिसके बाद एसडीएम ने मौके से ही बीडीओ पूजा सिंह को साफ-सफाई समेत फांगिग कराये जाने के निर्देश दियें। एसडीएम ने अधीक्षक डा०अशोक कुमार को बुखार पीड़ित मरीजो की सतत निगरानी के निर्देश दियें।

## ट्यूबवेल से चोरी हुए सामान के साथ ट्यूबवेल मालिक ने दो चोरों को दबोचा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर इलाके में चार दिन पहले एक निजी ट्यूबवेल से चोरी हुए सामान के साथ ट्यूबवेल मालिक ने दो चोरों को धर दबोचा। बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बिजनौर के परवर पश्चिम गांव निवासी सुनील कुमार के मुताबिक उनके खेत में उनका निजी ट्यूबवेल है। जहां बीती 14 अक्टूबर को खेत में बने शौचालय के अंदर ताला बंद कर रखे ट्यूबवेल के इंजन बोरिंग का पंखा, दो समरसेबल पंप चोरी हो गए थे। यह जानकारी होने के बाद चोर व सामान की तलाश की जा रही थी। तभी गांव के ही सुजीत और राजेंद्र सोमवार को गांव के बाहर परवर पश्चिम तिराहे के पास रोड किनारे एक बोरी में समान लिए खड़े नजर आए। संदेह होने पर जब सुनील ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों को पकड़कर उनसे पूछताछ की और बोरी खोलकर देखी तो उसमें पंपिंग सेट के पंखे का आधा हिस्साव दोनों समरसेबल रखे मिले। जिसे सुनील ने पहचान लिया। सुनील द्वारा अपना सामान पहचानते ही दोनों युवक सामान छोड़कर वहां से भागने लगे। लेकिन सुनील ने अपने साथियों की मदद से दोनों को सामान सहित पकड़ लिया और बिजनौर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सुनील की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

## बॉडीबिल्डर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाकर मिस्टर यूपी बने निगोहां के साहिल

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बॉडीबिल्डर मिस्टर आगरा और मिस्टर यूपी की प्रतियोगिता में निगोहां गांव के बॉडी बिल्डर मो0 साहिल ने तीसरा स्थान पाकर गांव का नाम रौशन किया। आगरा में हुए इस प्रतियोगिता में अलग अलग प्रान्त के करीब 400 बॉडीबिल्डरों ने हिस्सा लिया जिसमे मो0 साहिल ने मिस्टर यूपी 75 केजी पर तीसरा स्थान प्राप्त किया जिन्हें मिस्टर यूपी का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। सोमवार देर रात गांव पहुंचने पर साहिल का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत कियानिगोहां गांव निवासी मो० साहिल निगोहां कस्बे में यूनिक फिटनेस जिम के संचालक है साहिल ने बताया वह काफी समय से बॉडी बनाने और शरीर को फिट रखने में लगातार मेहनत कर रहें है। वहीं



रविवार देर शाम आगरा में हुई बॉडीबिल्डर प्रतियोगिता में उन्होंने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में उनके अलावा अलग अलग जगहों से करीब 400 लोगों ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उन्होंने तीसरा स्थान पाकर मिस्टर यूपी 2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। सोमवार देर रात गांव पहुंचने पर साहिल का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

## करंट की चपेट में आकर दो भैंसों की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में मंगलवार को जमीन में टूटे पड़े विद्युत तार में दौड़ रही करंट की चपेट में आकर एक किसान की दो कीमती भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस के साथ ही विद्युत अधिकारी, तहसील कर्मी और पशु चिकित्सा अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जहाँ उन्होंने मामले की जांच पड़ताल की। सरोजनीनगर के अनौरा गांव निवासी रामचंद्र यादव के मुताबिक मंगलवार को वह अपनी भैंस गांव के बाहर खेतों में चरा रहे थे। तभी उनकी दो भैंस जमीन में टूटे पड़े 440 वोल्टेज विद्युत लाइन के तार की चपेट में आ गई। बताते हैं कि बेहटवा स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर से अनौरा निवासी एक व्यक्ति के निजी नलकूप को गई विद्युत लाइन के जमीन पर टूटे पड़े तार में चिपक कर दोनों भैंसें तड़पने लगी। जब तक रामचंद्र कुछ समझ पाते, तब तक दोनों भैंसों ने मौके पर ही तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। बाद में इसकी सूचना पुलिस और नादरगंज पावर हाउस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने राजस्व कर्मियों, विद्युत अधिकारियों और पशु चिकित्सा अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद पहुंचे संबंधित अधिकारियों ने जांच पड़ताल के बाद पशु चिकित्सक ने उसका पोस्टमार्टम किया। फिलहाल अधिकारियों ने इस मामले में जाँच पड़ताल के साथ ही विद्युत विभाग से मिलने वाला मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

## लखनऊ डीएम की अध्यक्षता में होगा किसान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारत सरकार हो या उत्तर प्रदेश सरकार जोकि वर्तमान समय में कृषि कार्यों पर विशेष कर ध्यान दे राही है, इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को उच्च अधिकारियों द्वारा किसान दिवस का आयोजन किया जाता है, इस किसान दिवस के आयोजन में कृषकों की सभी समस्याओं पर चर्चा की जाती है। इस माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किसानों के क्षेत्र में नवज्योति कृषक उत्पादक संगठन, केवली के परिसर ग्राम कमलापुर, विकासखंड गोसाईगंज पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज बुधवार को सु सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसानों से जुड़ी सभी समस्याओं व किसान उत्पादक संगठनों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। जिसमें सिंचाई विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे उद्यान, कृषि, सहकारिता, मत्स्य, दूध उत्पादन, पशुपालन, गन्ना विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के साथ-साथ लीड बैंक मैनेजर तथा क्राफ्ट इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे जिनके द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड व अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## संक्षेप

### भूमाफिया से गठजोड़ मामले में दारोगा समेत पांच का हुआ तबादला

उन्नाव। भूमाफिया से गठजोड़ की शासन स्तर से चल रही गोपनीय जांच के बाद पूर्व में स्वाट प्रभारी रहे दारोगा व चार अन्य पुलिस कर्मियों समेत पांच का दूर के जिलों में तबादला कर दिया गया। शंकर मीना ने दारोगा प्रदीप यादव कांस्टेबल शमीम खैरुल व अंकित बैसला को टीम से हटाकर अन्य जगह तैनात कर दिया था। एसपी ने इसकी जांच भी कराई थी।कुछ माह पहले एक भूमाफिया के जन्मदिन पर स्वाट कार्यालय में केक काटते पूर्व में स्वाट टीम के प्रभारी रहे दारोगा प्रदीप यादव व उनकी टीम के सदस्यों का फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इसी मामले में एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने दारोगा प्रदीप यादव, कांस्टेबल शमीम, खैरुल व अंकित बैसला को टीम से हटाकर अन्य जगह तैनात कर दिया था। एसपी ने इसकी जांच भी कराई थी।

### गंदा नाला की पुलिया में फंसा मिला अज्ञात युवक का शव

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के शारदानहर ब्रांच से निकला खारजा( गंधा नाला ) में एक गांव की पुलिया में फसा युवक का शव देख ग्रामीणों में हाहाकार मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर मौजूद ग्रामीणों से युवक की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन मृतक का कोई पता नहीं चल सका प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी वही मृतक की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है कोतवाली क्षेत्र के शारदा नहर ब्रांच से निकला खारजा गंदा नाला सकहन राजपूतान के पास पुलिया ने ग्रामीणों ने लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव फंसा देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर ग्रामीणों से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन कोई पता नहीं चल सका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक युवक बदन पर नीली शर्ट नीली जींस हाथ मे कलावा , बाह में ताबीज बांधे है प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### ग्यारह हजार विद्युत लाइन की चपेट से दुकानदार झुलसा

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र चिरियारी गांव में 18 अक्टूबर को मेले और दंगल का अयोजन होगा।जिसके लिए खलील निवासी पिछवाड़ा बच्चो के खिलौने की दुकान लगाने के लिए लोहे की पाइप खड़ा करने लगा।तभी ऊपर से गुजरी ग्यारह हजार लाइन में पाइप छू गया।जिससे करंट लगने से खलील झुलस कर दूर जा गिरा।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे ग्रामीणों ने आनन फानन में मोहान के निजी अस्पताल ले गए।जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी अभी नहीं हुई हैं।

# विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में स्थापित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काट कर किया शुभारम्भ

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियो विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु एवं सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास विषयक तहसील सदर, उन्नाव परिसर में स्थापित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक सदर पंकज गुप्ता द्वारा सूचना अधिकारी सतीश कुमार की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। बता दे की प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी की सराहना करते हुए विधायक सदर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 1.40 लाख विद्यालयों का कायाकल्प, 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण, 6 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निमार्णाधीन, काशी में हल्दिया तक देश का पहला अंतर्राज्यीय जलमार्ग, ओलम्पिक पदक विजेताओं का सम्मान, मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा-सम्मान एवं स्वावलम्बन का अभिनव प्रयास, 36 हजार करोड़ रुपए से 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानो का ऋण मोचन, वाइल्ड लाइफ इको पर्यटन का विकास, दिव्य-भव्य दीपोत्सव, भव्य-दिव्य राम मन्दिर का निर्माण, स्पोर्ट्स हब मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण, यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 36 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू, ओडीओपी ने हुनरमंदो का दिलाया मान-सम्मान, दिव्य कुम्भ-भव्य कुम्भ, खेल कोटा के तहत सरकारी नौकरी, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में अग्रणी राज्य, उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर 6 नोड्सः (अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण, शुद्ध जल अब हर घर-द्वार 1.65 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन, एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत हुनर को पहचान और रोजगार, मुफ्त उपचार मुफ्त दवाई पाई-पाई से गरीब की भलाई आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार रुपए 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सुरक्षा का आधार, अन्न के प्रोत्साहन हेतु उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरूद्धार कार्यक्रम संचालित, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2.63 करोड़ किसानों को रू० 60 हजार 845 करोड़ हस्तांतरित, रंगोत्सव की भूमि मथुरा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में अचीवर स्टेट, प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 8.56 करोड़ खाते खोल कर देश में प्रथम, कौशल विकास नीति को लागू करने वाला प्रथम राज्य, अटल पेंशन योजना के तहत 75 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित करने वाला पहला राज्य, खाद्यान्न, आलू, हरी मटर, आम और दुग्ध उत्पादन में देश में प्रथम, पीएम स्वनिधि योजना में 15 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स लाभान्वित 1 हजार 889 करोड़ रुपए का ऋण देकर देश में प्रथम, डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने में प्रथम, गन्ना एवं चीनी उत्पादन में प्रथम, मेरे घर बिजली आई 1.58 करोड़ घरों में निःशुल्क बिजली कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से 55.20 लाख परिवारों को पक्का घर आदि कई महत्वाकांक्षी कार्य किए गए।प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान विधायक सदर ने प्राथमिक विद्यालय काशीराम कॉलोनी एवं प्राथमिक विद्यालय लोहार खेड़ा के बच्चों से सम्वाद स्थापित कर केन्द्र व प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया तथा प्रदर्शनी देखने पहुचे बच्चों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास विषय पर आधारित यह प्रदर्शनी बहुत अच्छी एवं प्रेरणादायक है, सभी लोग इसे अवश्य देखें।

# एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय के शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारी मौजूद रहे। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना ने जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। जघन्य अपराघों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम को प्रभावी कार्यवाही करने, अपहताओं की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने व गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।गम्भीर अपराधों में पॉक्सों एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कार्य योजना तैयार कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया एवं अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, जमीनी विवादों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके सतर्कता बनाये रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए। थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। आगामी त्योहारों को सकुशल संम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा त्योहार रजिस्टर का अवलोकन करने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सड़क पर हुए गड्ढों में भरा पानी, कीचड़ उक्त हुई सड़क

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव।गड्ढों में सड़क है या सड़क पर गड्ढा है यह पता ही नहीं चलता। आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।लिंक रोड़ों का हाल बेहाल है।इस जलभराव और कीचड़ युक्त रास्ते पर आम लोगों का आवागमन मुश्किल हो रहा है।तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से चंद कदमों की दूरी पर बनी लिंक रोड में जल भराव को देखकर अगर सड़क को तालाब में तब्दील कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगा। हल्की बारिश में ही सड़क पर डेढ़ से दो फीट तक पानी का जमाव हो जाता है। हजारों की आबादी इसी सड़क से आवागमन करती है पाटन से भैरमपुर व मलौना भगवंतपुर ब्यासपुर परसंडा आदि लिंक रोड खराब है जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते लोग परेशान है जिससे सड़क कुछ ही दिनों में गड्ढों में तब्दील हो गई। अब थोड़ी सी बारिश होने पर घुटनों तक जलजमाव हो जाता है। राहगीरों को उसी पानी में ही प्रवेश कर जाना पड़ता है।पानी की गहराई नहीं मालूम होने या सड़क के ऊबड़ खाबड़ की वजह से बाइक या साइकिल सवार पानी में गिरकर चोटिल हो जाते हैं।स्कूली बच्चों व पैदल राहगीरों को बेहद परेशानी है। सड़क के किनारे जो घर वाले हैं वो लोग अपने अपने घरों के सामने मिट्टी पाटकर ऊंचा कर दिये हैं। जलनिकासी का कोई भी रास्ता नहीं है। आवासीय घरों के सामने जलभराव से विभिन्न बीमारियों के फैलने की आशंका जताई जा रही है। उक्त रास्ते से बराबर जनप्रतिनिधि व अधिकारी आते -जाते रहते हैं, लेकिन किसी ने पानी के निकासी की जहमत नहीं उठाई। स्थानीय लोगों में जबर्दस्त आक्रोश व्याप्त है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं को सिखाया गया सेल्फ डिफेन्स

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। चौपाल लगाकर शक्ति दीदी ने बालिकाओं को सिखाया सेल्फ डिफेन्स, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं महिलाओं से संबन्धित योजनाओं को भी से किया गया जागरुक किया गया। साथ ही शारदीय नवरात्र के अवसर पर जनपद में चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों में महिलास शक्तिकरण की जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में माया राय क्षेत्राधिकारी बीघापुर एवं थानाध्यक्ष प्राशान्त द्विवेदी एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सभा कोरारी कला में स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ चौपाल लगाकर महिला ने सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई तथा विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर्स वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर टीटी पुलिस सहायता नंबर 112, चाइल्डलाइन नंबर 1098 आदि के विषय मे जानकारी दी गयी तथा पूर्ण जानकारी से संबन्धित टेंपलेट वितरित किया गया।

साथ ही कार्यक्रम में महिला आरक्षी पूजा शर्मा एवं महीला आरक्षी पूजा यादव द्वारा बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स से संबन्धित गुर सिखाये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र समिति द्वारा किया गया।

# हवा व बारिश से खेतों में गिरी धान की फसल किसानों में छाई मायूसी

**अमन लेखनी समाचार**



बीघापुर, उन्नाव। आसमान पर छाए काले बादल मौसम की बेरुखी से अन्नदाता परेशान हो गए खेतों में कहीं कटी तो कहीं पकी खड़ी है धान की फसलें तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के आस पास क्षेत्र में सोमवार को दोपहर में मौसम ने अचानक करवट ले ली। देखते ही देखते तेज हवा के साथ बूदा बादी शुरू हो गई जो मंगल वार को कहीं तेज कही धीमी झमा झम बेमौसम बारिश से खेतों में पकी खड़ी व कटी पड़ी धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है।तिलहन व आलू की बोआई भी पिछड़ने की उम्मीद है।किसान अपनी गाढ़ी कमाई को बर्बाद होता देख परेशान हैं।आसमान पर घिरे बादलों को देख किसानों की धुकधुकी बढ़ी है।सुबह ठंडी हवा चली।थोड़ी ही देर में हवा का रुख तेज हो गया और आसमान पर बादल घिरने लगे। देखते ही देखते बूंदाबांदी के बाद झमाझम बारिश होने लगी। इस दौरान हवा का रुख भी काफी तेज था।इस बीच खेत में तैयार धान की खड़ी फसल खेत में ही गिर गई।कटी पड़ी फसल के भीग जाने से किसान परेशान हैं।किसानों ने बताया कि इस बार धान की फसल अच्छी थी।पैदावार बेहतर होने की उम्मीद थी, लेकिन मौसम ने सब चौपट कर दिया है। फसल खेत में गिर गई है। ऐसे में अनाज निकाल पाने में भी मुश्किल होगी। भगवंत पुर ब्यास पुर मलौना देवारा भोगइता समेत अन्य गांवों में धान की फसल खेतों में गिर गई है। दूर से देखने पर खेत मैदान की तरह नजर आते हैं कुछ किसानों ने बताया कि सरसों व आलू के लिए खेत तैयार कर दिया था, बोवाई करने ही वाले थे। अचानक बरसात हो जाने से सब चौपट हो गया है।

# कमिश्नर ने सुनी लोगो की समस्याएं सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने के दिए निर्देश




**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मंगलवार को कमिश्नर रोशन जैकब लोगों की समस्याएं सुनने पहुंची। इस दौरान उन्होंने एक-एक फरियादी को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी। कमिश्नर ने जिले के आलाधिकारियों को सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने के सख्त निर्देश दिए। बता दें कि उन्नाव में भूमाफियाओं द्वारा सरकारी व निजी जमीनों पर कब्जा किये जाने की शिकायतें आम हैं। ऐसी ही कई शिकायतें पूर्व में जिले के आलाधिकारियों समेत सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ तक भी पहुंची थीं। इसके बाद शासन के निर्देश पर मंगलवार सुबह कमिश्नर रोशन जैकब मंगलवार को उन्नाव पहुंचीं। उनकी अध्यक्षता में मंडलीय जनता दर्शन का आयोजन कलक्ट्रेट भवन स्थित सभागार में हुआ। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनी।उन्होंने जनता दरबार में मौजूद डीएम अपूर्वा दुबे, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना समेत तमाम अधिकारियों को भूमाफियाओं को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सरकारी जमीनों को भी जल्द से जल्द कब्जामुक्त कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिकायत आने से पहले ही सरकारी जमीनों को चिन्हित किया जाए और उन्हें कब्जामुक्त कराया जाए। आदेशित किया कि लखनऊ की तरह उन्नाव में भी भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### 300 फरियादों में 233 मामले कब्जेदारी के पहुंचे

मंडलीय जनता दर्शन में कमिश्नर के सामने करीब 300 लोगों ने अपनी फरियाद सुनाई। बड़ी बात यह रही कि इनमें से करीब 233 मामले भूमाफियाओं द्वारा सरकारी व निजी जमीनों पर कब्जा किये जाने के रहे। यह देख कमिश्नर ने नाराजगी जताते हुए ऐसे मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित कराने के निर्देश दिये हैं।

# मनरेगा में काम कर रहे मजदूर की डंफर के ट्राले के नीचे दबकर मौत

**अमनलेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार के देवीपुर मजरे जगतपुर में बारिश से बचने हेतु मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूर की डम्फर के ट्राले में दबने से मौत हो गयी ।पुलिस ने डम्फर को कब्जे लिया है वही चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पाटन कस्बे के देवीपुर गाँव मे मंगलवार को मनरेगा द्वारा चकरोड बनाने का कार्य चल रहा है । तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो जाने के कारण मनरेगा में कार्य कर रहे रामगुलाम 60 वर्ष पुत्र बच्चू वही पास में खड़े गंगा एक्सप्रेस वे में कार्य कर रहे डम्फर के ट्राले के नीचे छुप गया। उस दौरान डम्फर का ट्राला ऊपर उठा हुआ था डम्फर चालक ने गाड़ी स्टार्ट कर ट्राला नीचे गिराया और चेचिश में बैठे रामगुलाम जब तक निकल पाते ट्राले की चपेट में आ गए और दर्दनाक तरीके से दब गए। साथी मजदूरों ने शोर मचाया तो चालक ने ट्राले को ऊपर उठाया और रामगुलाम को मनरेगा मजदूरों व ग्राम प्रधान अमर नारायण द्वारा तत्काल सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसी बीच मौका पाकर चालक डम्फर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय मौके पर पहुचे और डम्फर को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया डम्फर को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।म्रतक के तीन पुत्र धर्मेश 25 वर्ष, छुट्टन 20 वर्ष व शैलेन्द्र 12 वर्ष है ।दो बेटियां पार्वती व निर्मला की शादी हो चुकी है ।म्रतक की पत्नी निर्मला सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ किसान की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में देर शाम अधेड़ किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी बताते हैं की फाइलेरिया से पीड़ित किसान को दो दिन पूर्व फीवर आया था।देर शाम गांव के ही एक मेडिकल स्टोर संचालक से उसने इंजेक्शन लगवाया था जिसके बाद किसान की मौत हो गई मृतक के परिजनों ने गलत इलाज करने का आरोप लगा रहे है।

कोतवाली क्षेत्र के देवगांव निवासी कमल किशोर उर्फ गोकरन गौड़ 55 पुत्र ओमप्रकाश किसानी करता था।फाइलेरिया से पीड़ित किसान को दो दिन पूर्व फीवर आया था। मंगलवार देर शाम सफीपुर से वापस गांव पहुंचा था जहाँ पर गांव के बाहर एक मेडिकल स्टोर संचालक से इंजेक्शन लगवाया। बताते है कि इन्जेक्शन लगाते ही उसकी हालत खराब हो गई और वो अचेत होकर गिर पड़े सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहाँ पर मौजूद डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई मृतक के तीन पुत्र है।मृतक के पुत्र अनुज ने जमीनी विवाद में विपछियो से मिलकर गलत इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगा रहा है प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनो से अभी किसी भी प्रकार की तहरीर नही मिली है सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# 180 लीटर अवैध शराब समेत चार युवक गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के निदेर्शानुसार व जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में राजेश प्रताप सिंह सहायक आबकारी मय हमराह व थाना मौरावां पुलिस के साथ ग्राम-जमुरपुर मे मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुए 50 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत गोदीलाल पुत्र महावीर को गिरफ्तार किया कुलदीप बहादुर सिंह आबकारी निरीक्षक सदर ऊन्नाव एवं स्थानीय पुलिस थाना दही की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त रामू पुत्र राम दयाल निवासी चांदपुर राधेश्याम पुत्र छेदीलाल निवासी राजेपुर अभिषेक राजपूत पुत्र रज्जन निवासी तुर्कनगर के पास से 90 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया आबकारी निरीक्षक पी . पी . टंडन मय हमराह ग्राम फाजिलपुर में एक बारगी दबिश दी दबिश के दौरान लगभग 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 01 अभियोग पंजीकृत किया गया व 50 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया।

# कार व ई-रिक्शा में हुई भिंड़त, रिक्शा चालक हुआ घायल

**हादसा**



**अमन लेखनी समाचार/फैजान**

कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज के अंतर्गत देवलखा के निकट सिधरखी मोड पर कार व ई-रिक्शा में टक्कर हो गई जिसमे रिक्शा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सिदरखी निवासी रज्जाक उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र ननकू अपने ई-रिक्शा से कैसरगंज की ओर से अपने गांव सिदरखी आ रहे थे, वही बहराइच की ओर से आ रही कार से आमने सामने भिंड़त हो गयी। कार खायीं में जा गिरी व ई-रिक्शा रोड पर ही पलट गया। जिसमें ई-रिक्शा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहाँ उपस्थित लोगों ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज पहुंचाया जहां पर हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने घायल चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# आंधी पानी ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलें

### किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा सरकार से मुआवजे की फिर से आस लगाएंगे पीड़ित किसान

**अमन लेखनी समाचार**



औग, फतेहपुर। सोमवार की शाम तक सब कुछ ठीक था खेतों में तैयार खड़ी धान की फसल को देखकर किसान खुश दिखाई दे रहे थे, खाली हुए खेतों में कुछ किसानों ने बड़ी लागत खर्च करके आलू की फसल बोई थी , अच्छी आमदनी का सपना संजोए क्षेत्र के किसान धान की फसल को सही सलामत घर तक पहुंचाने की सोच रहे थे कि अचानक रात को मौसम का मिजाज बिगड़ा और आंधी पानी ओलावृष्टि ने किसानों के सपनों में पानी फेर दिया । ग्राम थानपुर , बड़ाहार, गोधरौली , शिवराजपुर , अभयपुर , गलाथा, कौड़िया , रहसूपुर , सादीपुर, आदि गांव में करीब 40 एकड़ में धान की फसल तैयार थी लेकिन बीती रात आई आंधी और पानी से धान की फसल खेतों में गिर गई जो करीब 12 घण्टे तक खेत के पानी में भीगी रही , सुबह किसानों ने खेत का पानी निकाला लेकिन तब तक फसल को ग्रहण लग चुका था , बड़ाहार के किसान पुत्तनलाल ने बताया कि खेतों में धान गिर जाने से और पानी में कई घण्टे पड़े रहने से दाना कमजोर और हल्का हो जायेगा जिससे वजन और क्वालिटी में गिरावट आ जाने से बाजार में उम्मीदों वाला मूल्य नहीं मिल पाएगा ।

### आलू की फसल को भी भारी नुकसान

ग्राम पंचायत मानिकपुर के एक मजरे के किसान बलराज पासवान ने बताया कि करीब एक सप्ताह से किसानों ने आलू की फसल बोने का काम शुरू किया है खेत की मिट्टी को फसल के अनुकूल बनाने के लिए कई बार जुताई तथा लेबलिंग करनी पड़ती है उसके बाद मोटी मोटी मेड़ों के बीच में आलू के बीज दबाए जाते हैं लेकिन यदि मेड़ों के बीच में पानी का भराव हुआ तो आलू का बीज सड़ जाता है और मेहनत लागत दोनों बर्बाद हो जाती हैं।और बीती रात की बरसात से हुआ भी यही , हालांकि आलू की बुआई अभी कहीं कहीं हुई है इसलिए इस फसल को लेकर किसानों की संख्या बहुत कम है । औंग निवासी किसान शिवदर्शन पटेल का कहना है कि 90 प्रतिशत किसानों का बैंकों में रबी और खरीफ दोनों फसलों का क्रेडिट कार्ड बना हुआ है प्रत्येक क्रेडिट कार्ड में फसलों का बीमा होता है, जिसकी प्रीमियम धनराशि बैंक के शाखा प्रबन्धक द्वारा निर्धारित समय पर आहरित कर ली जाती है फिर भी इन दैवीय आपदाओं से फसलों के नुकसान की भरपाई नहीं की जाती है ।

**इजराइल पर आतंकी संगठन हमास के हमले के बाद दोनों के बीच युद्ध छिड़ गया है। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष क्या वास्तव में वैसा ही है जैसा कि प्रस्तुत किया जा रहा है? क्या इसका असर भी इन दो देशों तक ही सीमित रहेगा अथवा यह दुनिया को किसी न किसी रूप में प्रभावित करेगा? यह उतना छोटा युद्ध नहीं है जितना कि मानकर चला जा रहा है? अर्थव्यवस्था या भू-राजनीति की तो समझने योग्य बात यह है कि आज के समय में भू-राजनीति अकेले नहीं चलती बल्कि भू-अर्थव्यवस्था भी उसके साथ होती है। यह युद्ध अगर लंबा चला तो इसका असर दूर तक होगा। सवाल तो बहुत से हैं। इन आतंकी समूहों के पीछे की असल ताकतें कौन सी हैं? क्या वास्तव में हमास इतना ताकतवर है कि पांच हजार राकेट बनाकर दाग दे? अगर नहीं तो उन्हें धन और हथियार के साथ-साथ ताकत कौन दे रहे हैं? फिलिस्तीन का भविष्य क्या है? क्या यरुशलम की धरती ऐसे ही थर्राती रहेगी? इन्हीं सवालों के उत्तर तलाशता आजकल का यह अंक...**




# युद्ध ने धुंधली कर दी भविष्य की राह



विश्लेषण
रहीस सिंह
वैदेशिक मामलों के जानकार

**मिडिल ईस्ट पर भी गौर करने की जरूरत है जिसका धुआं फिलिस्तीन में भी दिखता है। मिडिल ईस्ट में 18 देश आते हैं। इनकी राहें अलग-अलग हैं और सभी बढ़ती हुई नफरत व हिंसा के शिकार हैं। यही नफरत इस क्षेत्र में धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद को बढ़ावा देकर उनके बीच बॉन्डिंग को मजबूत कर रही है। इसका प्रयोग ये देश एक दूसरे के खिलाफ करते हैं। कारण यह कि अधिकांश देश एक दूसरे को नापसंद करते हैं। जैसे इजरायल, ईरान को पसंद नहीं करता है; इराक, सीरिया को; सीरिया तुर्की को और तुर्की, इजरायल को। यही नहीं कुवैत और इराक के बीच छत्तीस का आंकड़ा है और लेबनान, ओमान व जॉर्डन में आतंकवाद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि कभी भी विस्फोटक स्थिति पैदा कर सकती हैं। ये स्थितियां ही हमास और हिजबुल्ला जैसे संगठनों को ऑक्सीजन देने का काम करती हैं।**

इक्कीसवीं सदी के इस दौर में जब शांति, प्रगति, विकास के प्रकाश में नव-मानववाद की बात की जा रही है, तब युद्ध प्रासंगिक क्यों? पिछले डेढ़ दशक के अंदर दुनिया ने अरब स्प्रिंग, रूस यूक्रेन युद्ध, इजरायल -हमास युद्ध और बहुत सी घटनाएं देखी गईं। ये किसी शांति और समरसता की परिचायक नहीं हैं बल्कि पूरी दुनिया को भय के साये में ले आईं। आखिर वजह क्या है? इन आतंकी समूहों के पीछे की असल ताकतें कौन सी हैं? क्या वास्तव में हमास जैसा संगठन इतना ताकतवर है कि पांच हजार राकेट बनाकर इजरायल पर दाग दे? अगर नहीं तो उन्हें धन और हथियार के साथ-साथ ताकत कौन दे रहे हैं? जब तक इसका पता नहीं चलता, तब तक आप भविष्य की दिशा तय नहीं कर सकते। क्या तब भी यह प्रश्न किया जाना चाहिए कि फिलिस्तीन का भविष्य क्या है? प्रश्न तो यह भी है कि मध्य पूर्व क्या इसी हैसियत में रहेगा? क्या यरुशलम की धरती ऐसे ही अशांत होकर थर्राती रहेगी? अगर हां, तो क्या इसका प्रभाव फिलिस्तीन तक ही रहेगा या फिर समूची दुनिया को अशांत करेगा?

## चौंकाने वाला हमला

बीती 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी पर काबिज फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास ने दक्षिणी इजराइल जिस तरह का हमला किया वह इजराइल को ही नहीं बल्कि दुनिया को चौंकाने वाला है। इस हमले में जो भी लोग अगवा हुए या मारे गए वह संख्या काफी बड़ी है और इजराइल जैसे एक छोटे से देश के लिए बहुत बड़ी। यही वजह है कि इसे कुछ लोग होलोकॉस्ट (यहूदी नरसंहार) जैसी पुनरावृत्ति के रूप में भी देखने जैसी कोशिश रहे हैं। अब भले ही इजराइली प्रशासन फिलिस्तीनी आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों की प्रतिक्रिया बहुत उग्र तरीके से दे रहा है, यह भी संभव है कि गाजा पट्टी का ध्वंस कर दे, लेकिन पूरी दुनिया को यह संदेश तो चला ही गया कि शक्ति भी यदि गाफिल (घरेलू राजनीति में) हो जाती है तो सुरक्षा संकट में पड़ जाती है। इस हमले का यदि एक सच हमास का आतंकवाद है तो दूसरा नेतन्याहू की सत्ता में बने रहने की वह मानसिकता भी है जिसने इजराइली हितों को गिरवी रख दिया और मोसाद जैसी दुनिया की सबसे प्रभावशाली खुफिया एजेंसी यह जानने में फेल हो गई कि हमास पिछले आठ महीनों से इस हमले की तैयारी कर रहा था। खैर हमास ने जो किया वह एक खुली जंग है जिसे किसी भी स्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता, परंतु इसके दोषी चौतरफा हैं। या यूं कहें तो दोषियों को ढूंढते हुए आप तेहरान, अंकारा और तेल अवीव तक ही नहीं वॉशिंगटन, बीजिंग और मॉस्को के साथ यूरोपियन देशों की राजधानियों तक पहुंच जाएंगे। फिर इस ध्वंस के असल दोषी किसे माना जाए?



## ओआईसी देशों में ढूंढें कारण

सबसे पहले हमास और हिजबुल्ला जैसे संगठनों के पहलवान बनने के कारण ओआईसी देशों में ढूंढना चाहिए। ओआईसी ने जिस तरह अरब राष्ट्रवाद को रौंदा और स्वयं को खड़ा किया, उसी का परिणाम है कि फिलिस्तीन आज बिखरा हुआ है और छोटे-छोटे टुकड़ों में अपना अस्तित्व ढूंढ रहा है। ओआईसी जब अरब राष्ट्रवाद के उस धरातल को जमींदोज कर रहा था, जिस पर अरब राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों, विचारों और पंथों के साथ-साथ कॉमन एकता के साथ खड़े थे और उस पर एक नए मध्य-पूर्व का निर्माण कर रहा है, जिसकी बुनियाद कट्टरता और मजहबी कट्टरपंथ था, तब यह क्यों नहीं सोचा गया था कि आने वाले समय में इसके परिणाम कुछ ऐसे ही होंगे? हमास और अब्दुल्ला ही नहीं बल्कि मध्य-पूर्व में उभरे बहुत से कट्टरपंथी आंदोलन और समूह इसी की देन हैं। यही फिलिस्तीन के बनते बिखरते सपनों पर पानी फेर रहे हैं और अरब-इस्लामी दुनिया उसकी मूकदर्शक बनने से अधिक कुछ नजर नहीं आ रही। अभी भी इस्लामी दुनिया के नेताओं से यह पूछने की जरूरत है कि वे फिलिस्तीन का रिप्रेजेंटेटिव किसे मानते उस फिलिस्तीनी प्राधिकरण को जिसका नेतृत्व महमूद अब्बास कर रहे हैं या फिर इस्माइल हानिया को जो हमास के चीफ ऑफ पॉलिटिकल ब्यूरो हैं? उनकी नजर में फिलिस्तीनी सत्ता का वास्तविक केन्द्र कौन सा है रामल्ला या गाजा पट्टी?

## मध्य पूर्व पर गौर

थोड़ा मिडिल ईस्ट पर भी गौर करने की जरूरत है जिसका धुआं फिलिस्तीन में भी दिखता है। मिडिल ईस्ट में 18 देश आते हैं। इनकी राहें अलग-अलग हैं और सभी बढ़ती हुई नफरत व हिंसा के शिकार हैं। यही नफरत इस क्षेत्र में धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद को बढ़ावा देकर उनके बीच बॉन्डिंग को मजबूत कर रही है। इसका प्रयोग ये देश एक दूसरे के खिलाफ करते हैं।

कारण यह कि अधिकांश देश एक दूसरे को नापसंद करते हैं। जैसे इजरायल, ईरान को पसंद नहीं करता है; इराक, सीरिया को; सीरिया तुर्की को और तुर्की, इजरायल को। यही नहीं कुवैत और इराक के बीच छत्तीस का आंकड़ा है और लेबनान, ओमान व जॉर्डन में आतंकवाद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि कभी भी विस्फोटक स्थिति पैदा कर सकती हैं। ये स्थितियां ही हमास और हिजबुल्ला जैसे संगठनों को ऑक्सीजन देने का काम करती हैं। मिडिल ईस्ट के देशों के अंदर पनपती यह नफरत और हिंसा टाइम बम का रूप ले चुकी है और वर्तमान में वह अलार्मिंग स्थिति में है। इसे यदि डिफ्यूज नहीं किया गया तो हमास जैसे समूह ऐसी घटनाएं करते रहेंगे। संभव है कि लम्बे समय में ये स्थितियां किसी बड़े युद्ध को निमंत्रण दे दें।

## उत्तर तलाशने होंगे

फिलहाल हमें इन सवालों के उत्तर तलाशने होंगे कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष क्या वास्तव में वैसा ही है जैसा कि प्रस्तुत किया जा रहा है? क्या इसका असर भी इन दो देशों तक ही सीमित रहेगा अथवा यह दुनिया को किसी न किसी रूप में प्रभावित करेगा? दरअसल यह उतने लघुस्तर का युद्ध नहीं है जितना कि मानकर चला जा रहा है? दरअसल यह युद्ध सही अर्थों में दो देशों के बीच का ठीक उसी प्रकार से नहीं है जिस तरह से रूस और यूक्रेन युद्ध दो देशों का युद्ध नहीं है, इसलिए इसका असर दूर तक होगा। रही बात अर्थव्यवस्था या भू-राजनीति की तो समझने योग्य बात यह है कि आज के समय में भू-राजनीति अकेले नहीं चलती बल्कि भू-अर्थव्यवस्था भी उसके साथ होती है, इसलिए कोई भी भू-राजनीतिक कदम अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है और कोई भी आर्थिक हलचल भू-राजनीति को इसलिए सही मायने में आज की टर्मिनॉलोजी भू-राजनीतिक अर्थव्यवस्था अथवा भू-आर्थिक राजनीति व्यवस्था कहीं अधिक सही लगता है। स्वाभाविक है कि इसका असर मध्य-पूर्व की ही नहीं अपितु वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। ध्यान रहे कि कच्चे तेल की कीमतें पहले ही विकासशील और गरीब देशों के लिहाज से काफी ऊंची हो चुकी हैं, यदि इस लड़ाई के दौरान ओआईसी तेल की आपूर्ति में कमी करता है तो इसका असर पूरी दुनिया पर दिखेगा। भारत के संदर्भ में तो ऐसा कदम और नुकसानदेह हो सकता है। कारण यह है कि भारत ने हाल ही में पश्चिम एशिया में बड़ी अधोसंरचना योजनाओं विशेषकर भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप कॉरिडोर) में भागीदारी की घोषणा की है, लेकिन भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप कॉरिडोर (आईएमईसी) इस बात पर निर्भर है कि संयुक्त अरब अमीरात और इजरायल की बंदरगाहों के बीच सुरक्षित जमीनी संपर्क संभव हो। ऐसे में यदि अरब देशों और इजरायल के बीच रिश्ते बिगड़ते हैं या इजरायल की सीमा पर लड़ाई लंबी चलती है तो ऐसी योजना को क्षति पहुंचेगी जिसका नुकसान केवल भारत को ही नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी होगा।

## झकझोरने वाले बयान

बहरहाल इजरायल और गाजा की तरफ से आए कुछ बयान पीड़ा पहुंचाते हैं और यह सोचने पर विवश करते हैं कि यह दुनिया जा किस तरफ रही है। जेरोथ की एक महिला का बयान है, जिसे देखकर आप 21वीं सदी में मध्य-पूर्व की तस्वीर की एक झलक देख सकते हैं। वे कहती हैं कि हमसा आतंकी बिल्कुल जानवरों की तरह थे। उन्होंने छोटे बच्चों के गले और हाथ काट दिए। जो आपको खबरों से पता चलता है, वो सब हमने आंखों से देखा है। उन्होंने एक प्रेग्नेंट लेडी का पेट चीरकर बच्चा निकाल लिया। यह दिखाता है कि हमास के आतंकी मनुष्य की श्रेणी से बहुत दूर असभ्यता की उस दुनिया में खड़े हैं, जिन्हें जीने का अधिकार ही नहीं है। लेकिन एक दूसरा पक्ष भी है जो तेल अवीव के मिखाल का है। वे कहते हैं कि हमले के बाद लोग बिलख रहे थे, आर्मी को बुला रहे थे, लेकिन मेरे मन में सबसे पहले आया कि हमारी आर्मी कहां है? हमारी इंटेलीजेंस भी जबर्दस्त है, फिर भी हम नाकाम कैसे हो गए। ये सब हैरान करने वाला था। सवाल है कि ये कहां जाकर खत्म होगा? सच में यह प्रश्न दुनिया भले ही न कर रही हो पर लोग तो कर ही रहे हैं, क्योंकि वे भविष्य की ओर देख रहे हैं और भविष्य स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है।

# लंबे संघर्षों से तपा प्रेरक राष्ट्र इजराइल



दो टूक
प्रणय कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

इजराइल के लिए युद्ध व संघर्ष कोई नई बात नहीं है। 1940 के दशक के मध्य में हंगरी, पोलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया के यहूदियों को किन-किन यातनाओं से गुज़रना पड़ा, 1948 में स्वतंत्र होने से लेकर आज तक उसने किन-किन संघर्षों का सामना किया, यह दोहराने की आवश्यकता नहीं। पूरी दुनिया देख रही है कि इजराइल और हमास के मध्य जारी युद्ध के दौरान वहां के मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और विपक्षी दल के सभी नेता इस बात पर एकमत हैं कि उनका सबसे पहला और सबसे बड़ा दायित्व उनके राष्ट्र पर आए संकटों का डटकर सामना करना है।

उसके राजनेता और नागरिक हमास के ताजा हमले के खिलाफ एकजुट हैं। वो अपने देश और अपनी सरकार के साथ हर हाल में दृढ़ता एवं मज़बूती से समवेत खड़े हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए स्वयं प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने अपने बेटे को युद्ध के मैदान में भेज दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली भी इसी तरह सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सुरक्षा कर चुके हैं। इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट की अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाते हुए एक नहीं, सैकड़ों तस्वीरें वायरल हैं। जब राष्ट्र के प्रति ऐसी अखंड निष्ठा, गहरा समर्पण, उत्कट देशभक्ति एवं प्राणार्पण की भावनाएँ हिलोरें लेती हैं, तब कहीं जाकर राष्ट्र सुरक्षित रहता है और उसके दुश्मनों का हौसला और इरादा पस्त होता है। पहली बार इजराइल की अभेद्य एवं मज़बूत सुरक्षा-व्यवस्था में सेंध लगी है और वहाँ की इंटेलिजेंस एजेंसी मोसाद हमले की आशंका को भांपने में विफल रही है, पर वहाँ का कोई नागरिक, पत्रकार या विपक्षी दल का नेता संकट की इस घड़ी में अपनी सरकार पर सवालों के बौछार नहीं कर रहा?

## निरंतर विद्रोह झेला

सोचकर देखें कि इजराइल जिन संघर्षपूर्ण स्थितियों में अपनी स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्ष यानी 1948 से ही घिरा रहा है, क्या कोई अन्य देश उन परिस्थितियों में तरक्क़ी की नई-नई इबारतें लिख सकता था? तरक्क़ी तो एक तरफ, क्या उन परिस्थितियों में सहज एवं सामान्य जनजीवन संभव था? एक समय था जब पूरा अरब जगत और आज भी अधिकांश मुस्लिम देश मज़हबी कारणों से उसके धुर विरोधी हैं। वर्ष 1948-49, 1956, 1967, 1973, 1982 और 2006 में अनेक मुस्लिम देशों-मिश्र, जॉर्डन, इराक, सीरिया, लेबनान आदि के साथ उसे आमने-सामने का सैन्य संघर्ष करना पड़ा। कुछ वर्षों के निश्चित अंतराल पर तो उसे फिलिस्तीन का निरंतर विद्रोह झेलना पड़ा है। इन सबके बावजूद इजराइल ने तरक्क़ी की मुकम्मल इबारतें लिखीं और ऐसी लिखीं कि उसे देख-सुन दुनिया चमत्कृत रह जाती है। क्या कोई देश इजराइल की तरह अपने संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र को आयरन डोम जैसे सुदृढ़ सुरक्षा-कवच से अभेद्य बनाने की कल्पना भी कर सकता है!

## तकनीक का इस्तेमाल

कहते हैं कि यहूदी जब बेबीलोन में निर्वासित जीवन जी रहे थे तो यरूशलम की याद में उसकी ओर मुंह करके रोते थे और विरह-गीत गाते थे। शरणार्थियों के



रूप में दुनिया के अन्य देशों में पीड़ित-पद्दलित जिंदगी जीते हुए, आपस में मिलने पर वे यह कहना न भूलते थे कि 'हम पुनः यरूशलम में मिलेंगे।' लंबी यातना व संघर्षों से गुजरने के पश्चात संयुक्त राष्ट्र की पहल पर 1948 में इजराइल के रूप में उन्हें जो भूखंड मिला, उसका लगभग 60 से 65 प्रतिशत भाग रेगिस्तानी था, पर उस रेगिस्तानी भूभाग को वहां के नागरिकों ने अपने खून-पसीने से सींचकर हरा-भरा बनाया। जिसका परिणाम है कि इजराइल अपने खाद्यान्न की जरूरतों का 95 प्रतिशत हिस्सा स्वयं पैदा करता है। सिंचाई की नई-नई तकनीक विकसित करने से लेकर बूंद-बूंद जल का संरक्षण उससे सीखा जा सकता है। वहां उत्पादन बीते 25 सालों में लगभग 7 गुना बढ़ा है, पर पानी के इस्तेमाल में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वे 'मुझे क्या और मेरा क्या' की भावना से परे 'राष्ट्र प्रथम, राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से प्रेरित-संचालित रहते हैं। वहां केवल पुरुषों ही नहीं, बल्कि महिलाओं को भी अनिवार्यतः देश के लिए सैन्य सेवाएं प्रदान करनी होती हैं। अमेरिका, रूस, चीन के बाद इजरायल की वायुसेना का लोहा पूरा विश्व मानता है। वह अपने एंटी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम के साथ-साथ अपने उत्कृष्ट अंतरिक्ष अनुसंधानों के लिए भी विख्यात है। उसके पास अत्यंत उन्नत अवस्था की अपनी उपग्रह-प्रणाली (सैटेलाइट सिस्टम) है। ड्रोन के मारक एवं बेहतरीन उपयोग के मामले में वह दुनिया का अग्रणी देश है। ब्रेल लिपि वाली करेंसी, घरेलू कम्प्यूटर, वॉइस मेल तकनीक और सौर ऊर्जा का अधिकाधिक इस्तेमाल कर उसने पूरी दुनिया का ध्यान आकृष्ट किया है। वहां प्रति 10,000 कर्मचारियों में 140 वैज्ञानिक और तकनीशियन हैं, जो विश्व के विकसित देशों जैसे अमेरिका में 85 और जापान 83 की तुलना में कहीं अधिक हैं। इसी तरह से इजराइल में पूर्णकालिक वैज्ञानिक पेशे को अपनाने वाले शोधार्थियों का प्रतिशत सर्वाधिक है। यहां प्रति दस लाख लोगों में 8500 पूर्णकालिक शोधार्थी मिलेंगे, जबकि अमेरिका में यह लगभग 4000, जापान में लगभग 5200 तथा दक्षिण कोरिया में लगभग 6500 हैं। यहाँ प्रतिदिन 10 हजार की आबादी में 109 शोधपत्र प्रकाशित होते हैं। शायद यही कारण है कि वहां के वैज्ञानिकों के पास नोबल पुरस्कारों की झड़ी लगी हुई है। वहां विद्यालयी स्तर से ही नोबल पुरस्कारों को ध्यान में रखकर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। जनसंख्या के अनुपात में वहां सबसे अधिक विश्वविद्यालय हैं। सिलिकॉन वैली के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी का सबसे बड़ा हब इजरायल ही है। वह स्टार्टअप्स का भी केंद्र है। अब तक लगभग 3000 से अधिक बड़े एवं सफल स्टार्टअप्स वहां शुरू हो चुके हैं। इतना ही नहीं वह पर्यावरण के प्रति भी अत्यंत सजग एवं सतर्क है। वह विश्व का एकमात्र ऐसा देश है, जहां वृक्षों की संख्या पिछली सदी की तुलना में इक्कीसवीं सदी में अधिक हैं।

## वैश्विक पहचान

अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुए कई देशों में आज भी भाषायी या औपनिवेशिक दासता के कई चलन व चिह्न दिखाई देते हैं। अपने देश में भी प्रायः राष्ट्रभाषा या संपर्कभाषा के महत्त्वपूर्ण प्रश्न को राजनीतिक कारणों से नेपथ्य में धकेल दिया जाता है। परंतु इजरायल और वहां के नागरिकों ने एक मृत एवं अपेक्षाकृत जटिल भाषा हिब्रू को पुनर्जीवित कर न केवल व्यवहार में उतारा, अपितु उसे वैश्विक पहचान भी दिलाई। उसकी घोषित नीति है कि पूरी दुनिया में रहने वाला कोई भी यहूदी उसका नागरिक माना जाएगा और दुनिया के किसी भी हिस्से में किसी भी संगठन द्वारा यदि उसका एक भी नागरिक मारा जाएगा तो वह उसका प्रतिशोध अवश्य लेगा, परंतु उसकी इस नीति पर वहाँ के नागरिक कथित उदारता, पंथनिरपेक्षता, मानवाधिकारों की डफली नहीं बजाते, न ही अपना हक छीने जाने का रोना रोते। स्मरण रहे कि किसी भी राष्ट्र की सुदृढ़ आधारशिला, वांछित प्रगति व वैश्विक पहचान ठोस एवं यथार्थ नीतियों की नींव पर टिकी होती है, वहाँ लिजलिजी-पिलपिली भावनाओं, सतही नारों अथवा तटस्थता के नाम पर निर्णायक क्षणों में भी दिखाई जाने वाली कायरता के लिए कोई स्थान नहीं होता।

# हमास के खात्मे का संकल्प



हमास-इजराइल युद्ध
प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया अभी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच करीब 600 दिन से चल रहे युद्ध का हल तो ढूंढ ही नहीं पाई थी कि गाजा पट्टी पर कब्जे वाले आतंकी गुट हमास ने इजराइल में घुसकर भीषण हमला बोल दिया। यह आतंकी हमला ठीक वैसा ही है, जैसा 9/11 को अमेरिका में जुड़वां इमरतों में घटित हुआ था। नागरिकों से क्रूरता के चरम बर्ताव किए गए। हमास ने इस हमले को 'अल-अक्सा बाढ़' से संबोधित किया तो इजरायल ने इसे 'लोहे की तलवारें' (स्वाड्र्स ऑफ आयरन) कहते हुए आतंकियों से प्रतिशोध लेना शुरू कर दिया है। आतंकी संगठन हमास ने एक साथ इजराइल पर हवाई, जमीनी और समुद्री सीमा से आधुनिकतम तकनीकों और हथियारों का इस्तेमाल करते हुए जंग छेड़ी हुई है। गाजा पट्टी से इजराइल पर 5000 रॉकेट दागे गए। सैकड़ों आतंकियों ने पैराग्लाइडर्स से कई शहरों में उतरकर हमला बोला। इस हमले में ज्यादातर आम नागरिक मारे गए। जिनमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं। आतंकियों ने हैवानियत की सभी सीमाएं तोड़ दी। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को भी नहीं बख्शा। हमास और इजराइल के बीच 2001 से जंग चल रही है। जवाब में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध की घोषणा कर दी है। इजराइल ने आसमानी हमले से बचने के लिए इस्पाती छत्र (आयरन डोम) अमेरिका की तकनीकी मदद से बनाया हुआ था, लेकिन सॉफ्ट व हार्डवेयर अपडेट नहीं होने के कारण यह छत्र जवाबी हमले में नाकाम रहा है। इजराइल की खुफिया एजेंसी को भी इस हमले की खबर कानो-कान नहीं लगी।

## दो भागों में बंटी दुनिया

इजराइल और हमास के बीच यह युद्ध ऐसे समय छिड़ा है, जब दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध से परेशान तो है ही, उसका कोई समाधान भी नहीं खोज पाई है। नतीजतन युद्ध शरणार्थियों का संकट कई देशों को झेलना पड़ रहा है, वहीं अनाज, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी दवाओं की कमी से भी इन देशों को जूझना पड़ रहा है। यह युद्ध विश्व शांति के लिए एक नया खतरा खड़ा हो गया है। इस खतरे में दुनिया दो भागों में बंटी जंग के पहले दिन से ही दिखाई देने लगी है। गोया, युद्ध की इस घड़ी में भारत, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन इजराइल के साथ खड़े है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि 'मैं इस हमले से स्तब्ध हूं, हम इजराइल के साथ खड़े है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और मृतकों के परिवार के साथ है। भारत का इजराइल के साथ खड़ा होना, इसलिए तर्किक है, क्योकि यह हमला फिलिस्तीन और इजराइल के बीच न होकर एक क्रूरतम आतंकवादी संगठन हमास द्वारा किया गया है। भारत आतंकवाद से चार दशक से भी ज्यादा लंबे समय से जूझ रहा है, इसलिए आतंकी हमले की पीड़ा उससे ज्यादा



कौन जान सकता है? दूसरी तरफ ईरान के सर्वोच्च नेता आयतोल्लाह अली खामेनेई के सलाहाकार ने फिलिस्तीन और यरूशलम की आजादी तक हमास लड़ाकों के साथ खड़े रहने की घोषणा की है। दरअसल ईरान को सऊदी अरब की इजराइल से बढ़ती निकटता खल रही है। इसीलिए उसने हमास को इजराइल पर बेवजह हमला बोलने को उकसाया है। हमास ने अरब और इस्लामी देशों से युद्ध में शामिल होने की अपील की है। हमास की इन ताकतों की मंशा है कि चूंकि अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश इजरायल के हिमायती रहे हैं, इसलिए इजरायल पर हमला कराकर इन देशों को परेशान किया जाए। अतएव लग रहा है कि एक बार फिर वैश्विक शक्तियां मुस्लिम-ईसाई-यहूदी समुदायों में बंटी दिखाई देंगी। संयुक्त राष्ट्र रूस-यूक्रेन युद्ध में जिस तरह से लाचार दिखाई दिया है, उसी तरह से इस जंग में भी दिखाई देगा। उसने हमास हमले की निंदा तो कर दी है, लेकिन युद्ध के हालातों में उसकी सुरक्षा परिषद शांति के ठोस उपाय कर पाएगी, ऐसा कहना मुश्किल है?

## विवाद का कारण

लंबे समय से चल रहे इस विवाद का कारण यरुशलम की अल अक्सा मस्जिद है। यहूदी और फिलिस्तीनी मुस्लिम दोनों ही इस पर अधिकार का दावा करते रहे हैं। मक्का और मदीना के बाद यह इस्लाम धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। संघर्ष के संकट को टालने के लिए सातवें दशक में दोनों देशों के बीच सहमति बनी थी कि गैर-मुस्लिम मस्जिद में प्रवेश तो कर सकेंगे, लेकिन इबादत की इजाजत नहीं होगी। हालांकि इजराइल ने इस क्रम में गाजा पट्टी पर मौजूद हमास के ठिकानों पर हवाई हमले करके उसे पूरी तरह नेस्तनाबूद करने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इजराइल का डोम हमास के मिसाइल हमलों से कोई बचाव नहीं कर पाया और उसकी खुफिया एजेंसियों को इस हमले की भनक तक नहीं लगी।

## उकसा रहा हमास

आतंकी गुट के कमांडर ने इजराइल में रह रहे अरबों से कहा है कि यदि आपके पास बंदूकें हैं, तो उन्हें बाहर निकालो और चलाओ। इनके इस्तेमाल का यही सही समय है, इसीलिए गाजा पट्टी में आतंकियों को अरब नागरिकों का समर्थन मिलता दिखाई देने लगा है। आगे इजराइल के शहरों में अरब मूल के लोगों और यहूदियों के बीच हिंसक दंगे भी शुरू हो सकते हैं। इजराइल में 21 फीसदी आबादी अरब लोगों की है। अरबियों को आतंकवादी संगठन हमास न केवल उकसा रहा है, बल्कि उन्हें हिंसक हमले के औजार भी हासिल करा रहा है।

## आतंक झेल रहा

इजराइल और इन आतंकी संगठनों के बीच गाजा पट्टी पर संघर्ष जारी रहता है। यह पट्टी 30 मील लंबी और सात मील चौड़ी है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खुला गलियारा है। हमास फिलिस्तीन और कतर समेत मध्य-पूर्व के अनेक देशों में सक्रिय है। अमेरिका, इजराइल, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जापान और यूरोपियन यूनियन इसे आतंकी संगठन मानते हैं तो वहीं रूस, तुर्की, चीन, ईरान, दक्षिण अफ्रीका और कई अरब देश हमास को आतंकवादी संगठन नहीं मानते हैं। 1987 में यह संगठन अस्तित्व में आया था। इसे मिस्त्र के मुस्लिम ब्रदरहुड संगठन का ही हिस्सा माना जाता है। इसे आर्थिक मदद सऊदी अरब और ईरान से मिलती है। इजराइल-फिलिस्तीन के बीच गाजा पट्टी पर 2006 से जंग जारी है। इजराइल पश्चिम एशिया में अमेरिका का प्रतिनिधि देश है। इजराइल के जरिये ही अमेरिकी हितों की पूर्ति होती है। अमेरिका के दम पर ही इजराइल हमास का अस्तित्व समाप्त कर देने का दम भरता है। बहरहाल, इजराइल की कोशिश है कि इस बार वह ऐसा परिणाम दे कि दुनिया में फैले आतंकवादी संगठनों की कमर टूट जाए।

## संक्षेप

### नवरात्रिः चन्द्रमा पर प्रज्ञान के साथ दिखाई गई ब्रह्मचारिणी देवी की सजीव झांकी

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। श्री नव दुर्गा पूजा समिति नारायण नगर लोहिया चौराहे द्वारा चंद्रयान 3 की भव्य झांकी में ₹ब्रह्मांड में चन्द्रमा पर प्रज्ञान के साथ माता ब्रह्मचारिणी देवी की सजीव झांकी प्रकट की गयी। जबरदस्त जयकारों, घंटा घड़ियाल, शेर की दहाड़, बिजली की एवम फाइटर प्लेन राफेल की गड़गड़ाहट के बीच अत्यंत आधुनिक लाइटिंग में हाई टेक टेकनालोजी के साथ ₹माता चंद्रघंटा देवी₹ का प्रकटीकरण भक्तगणों के रोंगटे खड़े कर देने वाला था। समित के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया पिछले 28 वर्षो से लगातार माता रानी के सभी स्वरूपों का प्रकटीकरण आरती के समय रात्रि 9.30 बजे ₹नारायण नगर लोहिया चौराहे₹ पर हर बार नई झांकी में होता चला आ रहा है। इसी परम्परा में इस बार ₹चंद्रयान 3 ₹की भव्य झांकी सजाई गई है। प्रतिदिन हजारों भक्तगण जबरदस्त जयकारों के बीच मां के सभी स्वरूपों का सजीव दर्शन कर रहे हैं। समित के महामंत्री राहुल गौड़ प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप सिंह, रोहन, नयनेश, उमाशंकर लोहिया, हर्षित,कल्लू, परसू,बबलू गुप्ता, विष्णू,देवेश,लल्लू आदि सभी समिति के सदस्य तन मन धन के साथ सभी व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। मातारानी के विभिन्न झंकियों का हजारों भक्तगण प्रतिदिन दर्शन कर रहे हैं।

### नानपारा में अतिक्रमण, पालिका मार्केट के पास भी अतिक्रमण का कहर

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अनियंत्रित ठेलो की व्यवस्था के कारण कस्बे के बाजारों में आय दिन जाम लग रहा है।इसके कारण वाहनों का निकलना तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। जाम लगने का मुख्य कारण नगर में पटरियों पर अतिक्रमण है। नगर में पटरियो पर के दुकानों बाहर सामान का जमावाड़ा होता हैं, खरीदारी के लिए ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में लोग आते हैं। पटरियों के अतिक्रमण के चलते ट्रैफिक जाम के हालात निर्मित हो जाते हैं। कोतवाली से कुछ ही मीटर की दूरी पर पालिका मार्केट इमामगंज चौराहा के अगल बगल पटरी पर फल के ठेलो ने अतिक्रमण फैला रखा है वही अस्पताल के पास पटरियों पर अतिक्रमण है, और तो और सब्जी मंडी मीहीपुरवा मार्ग पर डामर रोड से मिला कर लोग सब्जी का व्यापार करते हैं जिससे दिन भर जाम लगता है। यह राजा बाजार पुलिस के अधीन क्षेत्र है लेकिन अतिक्रमण हटवाने के लिए न तो प्रशासन द्वारा कोई कठोर कदम उठाया जा रहा है न ही पुलिस इस दिशा में कोई सख्त कार्रवाई कर रही है। इस कारण आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# नवरात्र की सप्तमी को आयोजित होगा कन्या भोज

- कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नामित किये गये नोडल अधिकारी
- नवजात बच्चियों का शत प्रतिशत कराया जाय पंजीकरणः डीएम

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्वन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत संचालित किये जा रहे गतिविधियों के सफल आयोजन के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में न्याय पंचायतवार नामित नोडल अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित नोडल अधिकारियों का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि शारदीय नवरात्र के सप्तमी को ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में भव्यता के साथ कन्या वन्दन पूजन एवं भोजन का कार्यक्रम आयोजन किया जाय। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों व विद्यालयों की छात्राओं को आमंत्रित कर उनका वंदन पूजन के साथ-साथ कन्या भोज कराया जाय। कार्यक्रम में छात्राओं की माताओं को भी आमंत्रित किया जाय और उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित किये जा रहे योजनाओं एवं कार्यक्रमों की नोडल अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रदान की जाय। इसके अलावा शासन द्वारा जारी महिला हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी भी प्रदान की जाय।

जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि कार्यक्रम के दौरान चित्र कला इत्यादि प्रतियोगिताएं भी आयोजित किये जाय और छात्राओं को स्नेटरी पैड, आयरन का टेबलेट, अल्बेन्डाजाल का वितरण भी किया जाय। राजस्व विभाग द्वारा महिलाओं की वरासत व स्वामित्व योजना के तहत घरौनी का वितरण भी किया जाय। पंचायती राज विभाग द्वारा नवजात बच्चियों का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाय। जिला स्तरीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग के स्थानीय कर्मचारी कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कर हर संभव सहयोग प्रदान करें। उन्होनें नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामों के भ्रमण के दौरान किसानों को प्रेरित करें कि फसल अवशेष का कम्पोस्ट खाद बनाकर खेतों में उपयोग करें इससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त किसान अपनी अवशेष (पराली) निकटतम गोशालाओं में भी दान कर सकते है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., डीएफओ संजय शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राजकुमार, एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीप्टी आरएमओ संजीव सिंह, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, डीसी मनरेगा के.डी. गोस्वामी, एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा सहित नामित नोडल अधिकारी, बीडीओ तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# गेंदघर स्थित राजकीय पुस्तकालय का होगा कायाकल्प

पुस्तकालय में बढ़ायी जायेगी सुविधाएं, मिलेगी अच्छी पुस्तकें

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। गेंदघर स्थित राजकीय पुस्तकालय की साफ-सफाई, पुस्तकालयों का रख-रखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. व अन्य अधिकारियों के साथ पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिया कि पुस्तकालय के आधुनिकीकरण, अच्छी पुस्तकों व ई-कन्टेण्ट की व्यवस्था, पेयजल, महिला-पुरूष शौचालय, बालक व बालिका के अलग-अलग बैठने की व्यवस्था, अच्छे फर्नीचर, समुचित प्रकाश व्यवस्था पाठकों के लिए ओपन रीडिंग शेड सहित पुस्तकालय के विकास के दृष्टिगत अन्य व्यवस्थाओं की कार्ययोजना तैयार की जाय। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने निर्माणधीन नवनिर्मित राजकीय बालिका इण्टर कालेज काजीपुरा के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल निर्माण के साथ-साथ विद्यालय भवन में पानी, बिजली शौचालय इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये ताकि विद्यालय का संचालन यथाशीघ्र कराया जा सके। उन्होनें सुझाव दिया कि भवन को कब्जे में लेकर आवश्यकतानुसार अस्थाई रूप से कार्यालय या विद्यालय का संचालन कराया जाय ताकि विद्यालय भवन की देख-भाल व साफ-सफाई बनी रहे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अर्चना सिंह सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गोवंश से टकराई कार

- शॉट सर्किट से लगी आग, फैमिली ने कूदकर बचाई जान, 2 बच्चे घायल

संवाददाता

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जयसिंहपुर कोतवाली के रामनाथपुर के पास एक कार आग का गोला बन गई। यूपीडा द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक कार में गोवंश से टकराने के बाद आग लगी। जिस पर काबू पा लिया गया है। कार पर सवार दो बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें सीएचसी कूरेभार भेजा गया। घटना बीती रात की है। जौनपुर के शाहगंज निवासी महफूज अहमद (37) पत्नी सायरा बानो (33) और पुत्र (2) व पुत्री शहनाज (8 महीने) के साथ लखनऊ से वापस घर लौट रहे थे। महफूज ही कार ड्राइव कर रहे थे। जब वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किमी 136 पर जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत रामनाथपुर के पास पहुंचे, तब उनकी कार गाय से टकरा गई। गाड़ी स्पीड में थी, जिससे शॉट सर्किट से गाड़ी में आग लग गई। कार में आग लगते ही महफूज व उनकी पत्नी सायरा बच्चों को लेकर बाहर कूदीं, जिससे इनकी जान तो बच गई। लेकिन बच्चों को चोटें आ गई हैं। सूचना पाते ही यूपीडा की टीम



मौके पर पहुंची। पानी का टैंकर मंगाकर आग पर काबू पाया गया। फिर क्रेन से कार को किनारे करके आवागमन चालू कराया गया। यूपीडा द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

# उपलब्धिः नीति आयोग से जनपद को मिली 02 करोड़ की पुरस्कार धनराशि

सीएम डैश बोर्ड पर जनपद ने हासिल की प्रदेश में 05वीं रैंक

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किये गये प्रयासों के परिणाम स्वरूप नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने के लिए आकांक्षात्मक जनपद बहराइच को पुरस्कार रूवरूप 02 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई। जबकि सीएम डैश पोर्टल पर माह सितम्बर की परफार्मेन्स के आधार पर जनपद को प्रदेश में पांचवी रैंक हासिल हुई है। जनपद को सीएम डैश बोर्ड में पांचवा स्थान प्राप्त करने तथा नीति आयोग के निर्धारित सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा टीम भावना के साथ किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों को आहवान किया ऐसी उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर जनपद के विकास लिए अपने प्रयासों को जारी रखें। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व माह नवम्बर 2018 में आधारभूत संरचना में जनपद को प्रथम रैंक प्राप्त होने पर रू. 03 करोड़ सहायता राशि, माह जून 2020 में समग्र रूप से जनपद की तृतीय रैंक प्राप्त होने पर रू. 01 करोड़ सहायता राशि, माह जून-जुलाई 2021 में कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में जनपद को पांचवी रैंक प्राप्त होने पर रू. 03 करोड़ सहायता राशि, माह जुलाई-अगस्त 2021 में समग्र रूप से जनपद की सातवीं रैंक प्राप्त होने पर रू. 02 करोड़ सहायता राशि तथा माह अगस्त 2022 में कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में जनपद को पांचवी रैंक प्राप्त होने पर रू. 03 करोड़ सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है।

# बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर ध्यान दें शिक्षकः बीईओ



शिक्षक संकुल की मासिक मीटिंग संपन्न

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुपईडीहा गांव में समस्त संकुल शिक्षक व शिक्षकों की मासिक मीटिंग बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने की। बैठक में प्रदेश सरकार के द्वारा निर्धारित प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने पर जोर दिया गया। शिक्षकों द्वारा रुचिकर टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। शिक्षण पाठ योजना आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा की सभी शिक्षक बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर ध्यान दें। शिक्षक डायरी व पाठ योजना के अनुसार शिक्षण कार्य करते हुए निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने का कार्य करें। इस अवसर पर एआरपी विपिन सिंह सहित अमित कुमार, संदीप कुमार, आनंद भूषण मिश्र, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सरोज कुमार, रमेश द्विवेदी, शीबा तरन्नुम, आलिया खातून, आनंद श्रीवास्तव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# सर्वोदय इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ मिशन शक्ति दीदी कार्यक्रम

पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक बांटे जागरूकता पंपलेट

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। शारदीय नवरात्रि के महीने में देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन कर लोग पर्व मनाते हैं।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति चौथे चरण के अभियान का शुभारंभ करते हुए पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। थाना मोतीपुर के अंतर्गत कस्बा में मिहींपुरवा में स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति दीदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण में एंटी रोमियो महिला अपराध सहित सरकार द्वारा बालिकाओं महिलाओं के लिए जारी टोल फ्री नंबर की जानकारी छात्राओं को दी गई साथ ही उन्हें जागरूकता पंपलेट देकर उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही सुरक्षा सेवा सम्मान स्वावलंबन की जानकारी देने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मोतीपुर श्रीधर पाठक ने कहा कि छात्राओं महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहती है। कभी भी कहीं कोई समस्या हो तो संबंधित टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076,112,181,108 पर संपर्क करें। श्री पाठक ने छात्राओं को मेहनत से पढ़ाई करके देश की सेवा करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब बालिकाएं महिलाएं शिक्षित और जागरूक होती हैं तो पूरा समाज शिक्षित एवं स्वावलंबी बनता है। थाना प्रभारी ने छात्राओं से कहा कि सोशल मीडिया पर भी सतर्कता बरतें। कॉलेज के प्राचार्य मनोज यादव ने मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए पुलिस विभाग का आभार जताया। इस मौके पर काफी संख्या में छात्राएं, महिला पुलिस स्टाफ व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# भगवान राम की कुलदेवी के मंदिर में आस्था का जनसैलाब

## देवी मंदिरों में दुर्गा सप्तशती तो वैष्णव मंदिरों में श्रीरामचरितमानस का नवाह्न पारायण भी शुरू

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, शारदीय नवरात्र के पहले दिन रामनगरी स्थित देवी मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शाक्त परम्परा के देवी मंदिरों के अलावा वैष्णव परम्परा के मंदिरों में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान का श्रीगणेश हो गया। देवी मंदिरों में जहां दुर्गा सप्तशती का पारायण शुरू हुआ। वहीं श्री राम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी सहित सभी वैष्णव मंदिरों में श्रीरामचरितमानस का नवाह्न पारायण भी शुरू हो गया है। नवरात्र को लेकर भगवान श्रीराम की कुलदेवी कहलाने वाली मां बड़ी देवकाली के अलावा अयोध्या नगर के छोटी देवकाली सहित विभिन्न देवी मंदिरों रविवार भोर से ही आज तक का जनसैलाब देखने को मिला। मां दुर्गा के पूजन महोत्सव के लिए पंडाल भी सजने लगे हैं। भक्त नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा कर रहे है। पंडित राहुल शास्त्री ने बताया कि पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा।

पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या थीं, तब इनका नाम सती था। इनका विवाह भगवान शंकर जी से हुआ था। प्रजापति दक्ष के यज्ञ में सती ने अपने शरीर को भस्म कर अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया।

पार्वती और हैमवती भी उन्हीं के नाम हैं। उपनिषद की एक कथा के अनुसार, इन्हीं ने हैमवती स्वरूप से देवताओं का गर्व- भंजन किया था। नवदुगाओं में प्रथम शैलपुत्री का महत्व और शक्तियां अनन्त हैं। नवरात्र पूजन में प्रथम दिन इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है।

# हमीरपुर में एनएच पर दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर

- ड्राइवर केबिन में फंसा, फायर ब्रिगेड ने ड्राइवर को केबिन से बाहर निकाला

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के पास आज नेशनल हाईवे पर दो ट्रक आपस में टकरा गए। हादसा आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने की वजह से हुआ। इसकी वजह से पीछे से आ रहा डंपर सीधे ट्रक से टकरा गया। टक्कर की वजह से डंपर में आग लग गई। जिससे यहां हड़कंप मच गया। इस हादसे में डंपर के केबिन में चालक भी फंस गया था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाल लिया। फायर ब्रिगेड ने डंपर में लगी आग पर काबू पा लिया। इस घटना से कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कानपुर देहात के मंगलपुर थाना का रहने वाल 30 वर्षीय अरविंद कुमार मौरंग से भरा डंपर लेकर कानपुर को निकला था। शहर के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से गुजरते समय डंपर के आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया।

# शैक्षिक गुणवत्ता एवं सतत विकास हेतु हुआ मंथन

बरगदहा मे हुई संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक

नवचारी प्रयासों को किया गया साझा

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। संकुल जमुनहा बाबागंज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बरगदहा में किया गया।एआरपी सुनील कुमार की देख-रेख में आयोजित इस बैठक में शिक्षक-शिक्षकाओं द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तरीय शिक्षण योजना एवं टीएलएम का प्रस्तुतीकरण किया गया।बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण लक्ष्य हासिल करने की कार्य योजना तथा विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता एवं सतत विकास हेतु विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एआरपी सुनील कुमार ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण



विश्वास है कि सभी शिक्षक साथी बैठक में प्राप्त जानकारियों का समय्क प्रयोग करते हुए बच्चों के चतुर्दिक विकास में भागीदार बनेंगे। बैठक में संकुल शिक्षक नवनीत कुमार प्रेमी, अब्दुल कदीर,आनंद आर्या, रजनीश दुबे तथा शिक्षक विनोद गिरि,जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह विशेन,अजय मिश्रा,अरविंद कौल,कैलाशनाथ वर्मा, विनय सिंह, नीरज जैन,सत्यभानु पटवा, गीता देवी,पूजा मिश्रा, सुनीता देवी सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर में 112 दिव्यांग बच्चों को बांटे गए निशुल्क उपकरण

- ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया वितरण, अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर 6 से 14 साल तक के दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण/उपस्कर वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह ने दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किया। कृत्रिम उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चे खुशी से झूम उठे। कैम्प में अमानीगंज, मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज, बीकापुर, रुदौली तथा मवई विकासखंड के 112 दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण वितरित किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शिवाकांत द्विवेदी ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे एस्कोर्ट अलाउंस व स्टाइपेंड व कॉक्लिर इम्प्लांट जैसी सर्जरी के बारे में विस्तृत रूप से बताया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने बच्चों के अभिभावकों को उपकरणों का उपयोग समझाते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने हेतु भी प्रेरित किया। उपकरण वितरण कैम्प मे एलिम्को टीम के ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में 16 ट्राईसाईकिल,18 व्हील चेयर, 40 हियरिंग ऐड, 7 सीपी चेयर, 12 रोलेटर, 2 स्मार्ट केन, 2 ब्रेल किट, 10 कैलिपर, 05 बैसाखी का वितरण किया गया।

# संक्षेप

## पीडब्ल्यूडी के भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए भेजा नोटिस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के बखिरा सहजनवा मार्ग के मिनवा चौराहे पर पीडब्ल्यूडी के भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान और टिनशेड डालकर किराए पर चलाने वाले अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ पीडब्ल्यूडी ने 25 अक्टूबर तक अवैध कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया है। यदि नियत तिथि पर कब्जा नही हटाया गया तो विभाग स्वयं कब्जा हटाएगा। जो खर्च आएगा कब्जा करने वाले से वसूला जायेगा। बताते चले की मिनवा निवासी कमलेश प्रजापति पुत्र स्व रामनेवास ने आईजीआरएस शिकायत दर्ज कराया था की काशी यादव पुत्र गब्बू यादव निवासी नरौली ने गाटा संख्या 250 जो पीडब्ल्यूडी की भूमि है। उस भूमि पर पक्का मकान और टीन शेड डाल कर अवैध कब्जा कर लिया है। भूमि के पैमाईस के लिए उपजिलाधिकारी सहजनवा ने राजस्व टीम गठित कर मौका पर भेजा गया था। जहा अवैध कब्जा पाया गया था। सहायक अभियंता चतुर्थ प्रांतीय खंड गोरखपुर ने नोटिस जारी तक 25 अक्टूबर तक नोटिस जारी कर अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिए है।

## जनपद में आज संपन्न होगा किसान दिवस

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद में आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक, राममिलन सिंह परिहार ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजन किया जाता है। माह अक्टूबर - 2023 का ₹किसान दिवस₹ आज 12 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों / विषेशज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा कृषकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

## नवरात्र में जयकारों से गूंजे देवी मंदिर

मेरठ, शारदेय नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर मेरठ में धूमधाम से नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। शहर के देवी मंदिरों में सुबह 5 बजे से ही देवीभक्तों की कतारें लगी हैं। माता के भक्त उनके पूजन दर्शन के लिए सुबह से मंदिरों में पहुंच रहे हैं। शहर में चारों ओर देवी मंदिरों में भारी भीड़ है। जय माता दी के जयकारे गूंज रहे हैं। मेरठ के सदर में स्थित प्राचीन कालीमाई मंदिर सहित गोल मंदिर शास्त्रीनगर, औघड़नाथ मंदिर में विराजी मां दुर्गा, मंशा देवी मंदिर, भोलेश्वर मंदिर, प्राचीन चंडी माता मंदिर, कंठी माता मंदिर, डोगरा मंदिर कैंट सहित अन्य सभी मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ है। मंदिरों को विशेष रूप से नवरात्र के लिए सजाया गया है।

# बेटियां व महिलाएं रहे बेफिक्र, मोदी योगी है साथ खड़े : सांसद रवि किशन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के एक मैरेज हाल में मंगलवार को महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला मार्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिता गुप्ता के निर्देश पर जिलाध्यक्ष चंचल शुक्ला के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सदर सांसद रवि किशन शुक्ल ने कहां मोदी योगी सरकार में बेटियां व महिलाएं बेफिक्र रहें क्योंकि उनके साथ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री स्वयं खडे है। बेटियों के पैदा होने के बाद सरकार पडाई, लिखाई, शादी से विदाई तक की जिम्मेदारी उठा रही है। इस सरकार में महिलाओं को सम्मान मिला है। विभिन्न जागरूकता अभियान के माध्यम से उनकों अपना हक अधिकार मिला है। आज सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं स्वावलंबी बन रही है। उनका परिवार खुशहाल है। सरकार के मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं का उत्पीड़न व अत्याचार खत्म हो गया है। कानून का राज होने से किसी की हिम्मत नहीं है की महिलाओं को आंख दिखा सके। कार्यक्रम में पूर्व मेयर डा.सत्या पाण्डेय ने कहाँ बीजेपी सरकार में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है जिससे वह आत्मनिर्भर बन रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक होने पर वह निर्भीक होकर अपना काम दिन हो रात कर रही है। प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण लागू कर ऐतिहासिक काम किया है। कार्यक्रम में महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित होने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विधायक प्रदीप शुक्ला, क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिता गुप्ता, जिलाध्यक्ष चंचला शुक्ला व पूर्व विधायक जीएम सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान चेयरमैन संजू सिंह, जिलाउपाध्यक्ष शीला अग्रहरी, प्रिया कुमारी शुक्ला, सांसद सचिव शिवम द्विवेदी, संध्या त्रिपाठी, रूचिका मिश्र, रवि सोलंकी, राम प्रकाश यादव, गौरव गुप्ता, अमरनाथ यादव समेत महिलाए मौजूद रही।

# शिक्षा में नवाचार वर्तमान समय की मांग: संग्राम सिंह

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां विधानसभा क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत उनवल के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय उनवल प्रथम में संकुल स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें संकुल कस्बा संग्रामपुर के कुल 17 विद्यालयों के कुल 161 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर ओवर आल प्रा०वि०कोठा प्रथम एवं प्रा०वि०ढढौना द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जूनियर स्तर पर कंपोजिट विद्यालय उनवल प्रथम एवं कंपोजिट विद्यालय भिउरी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय के कुल 103 बच्चें एवं जूनियर के कुल 58 बच्चों ने प्रतिभाग किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षक संघ बांसगांव के मंत्री संग्राम सिंह थे। कार्यक्रम का संचालन युगेश कुमार शुक्ल ने किया। कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय उनवल प्रथम के प्रधानाध्यापक नवीन त्रिपाठी ने चतुर बंदुआरी संकुल से आए हुए वाह्य पर्यवेक्षकों राजीव नारायन सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, नूर आलम, उपस्थित ब्लॉक के ए आर पी रामकृष्ण मिश्र, रंजीत जायसवाल, सुनील कुमार, अमित सिंह एवं अन्य विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों एवं बच्चों का स्वागत किया एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। आज के आयोजन में मुख्य रूप से बजरंगी सिंह, विनय सिंह प्रधानाध्यापक ढढौना, अखिलेश त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश पांडेय, मनींद्र माधव त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ल, संदीप मिश्र, बृजेश त्रिपाठी, सूरज सिंह, अविनाश कुमार, सुमन देवी, दिव्या पांडे, अनीश सिंह, विकास, बलराम त्रिपाठी, रामकृष्ण मिश्र, ममता सिंह, सीमा पांडे, विनोद दुबे, अनिल गुप्ता, राजीव रंजन, शिवेंद्र पांडे, सचिन यादव, विवेक कुमार सिंह, दीपनारायण आदि अध्यापकगण अपने विद्यालय के बच्चों के साथ उपस्थित रहे एवं परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग किया।

# आईजीएल के बिजनेस हेड व यूएस ग्रेन काउन्सिल की अध्यक्षता में ग्लोबल एथेनॉल समिट का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। यूएस ग्रेन काउन्सिल द्वारा ग्लोबल एथेनॉल उत्पादन प्रक्रिया पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया और यह ग्लोबल संगोष्ठी एस के शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित की गयी। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा की बिजनेस हेड०यूपीडिए के अध्यक्ष एस के शुक्ल द्वारा इस संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बानी कानून व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, औद्योगीकरण, निवेश और एथेनॉल के उतपादन पर व्याख्यान दिया गया और इसके साथ ही मक्के से एथेनॉल उत्पादन के बारे में विस्तार से चर्चा हुयी। इस अंतरास्ट्रीय संगोष्ठी में १३० देशो के प्रतनिधि शामिल हुए और सीमे से सिर्फ ३० चुनिंदा लोगो को यूएस प्रेसिडेंट के साथ डिनर का आमंत्रण मिला। एस के शुक्ल डिनर के दौरान बदले उत्तर प्रदेश के बारे में सबको बताया इस कॉन्फ्रेन्स में एस के शुक्ल के साथ यूपीडीए के उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल एवं जनरल सेक्रटरी रजनीश अग्रवाल भी उपस्थित रहे और रजनीश अग्रवाल ने बताया की एस के शुक्ल के नेतृत्व में यूपीडिए अपने उद्देशो को पाने में सफल होगा। मनीष अग्रवाल ने कहा की कुछ वर्षो में यूपीडिए के अध्यक्ष के नेतृत्व में हम एथेनॉल उत्पादन का हैब बनेगे। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने उपरोक्त जानकरी दिया और बताया की यह हम सबके लिए गौरव की बात है।

# साहित्यिक स्वर लहरी से सराबोर हुए महा महोत्सव में हजारों भक्तगण

### बुंदेलखंड कानपुर के बीच तीखी नोक झोक

### शंभू हलचल एवं पूनम आजाद ने जवाबी कीर्तन में लगाए चार चांद

अमन लेखनी समाचार /समरजीत सोनकर




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में मनाया जा रहा 18 वां मां अष्टभुजी का महा महोत्सव अपनी तरुण अवस्था में पहुंच चुका है मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में कानपुर महानगर एवं बुंदेलखंड के बीच जवाबी कीर्तन का आयोजन आयोजित किया गया मां भगवती के परिसर में अपनी स्वर लहरी को बिखेरने वाले कानपुर महानगर के शंभू हलचल और पार्टी तथा बुंदेलखंड रथ कि ईश्वर कोकिला पूनम आजाद और पार्टी के बीच जवाबी महासंग्राम देखने को मिला मंच पर पहुंचने पर मां दुर्गा पूजा कमेटी के सभी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम का संचालन कर रहे महामंत्री शिक्षक उमेश त्रिवेदी ने दोनों महारथियों का जोर-जोर से पुष्प मालाओं एवं बैच अलंकरण अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया माता के दरबार में श्रृंगार रस हास्य रस एवं वीर रस से ओतप्रोत दोनों पार्टियों के बीच संपूर्ण रात्रि तीखी नोक झोक चलती रही जिसे सुनते हुए प्रांगण में मौजूद हजारों भक्तगणों ने समय-समय पर माता की जयकारों के साथ तालिया की गड़गड़ाहट से दोनों महारथियों का स्वागत किया महा महोत्सव अंतर्गत हुए मुकाबले में अपनी अपनी रचनाओं को बिखरते हुए दोनों संगीत मर्मज्ञों ने साहित्य ग्रंथ पुराणों के शब्दों को पिरोकर माला रूपी कीर्तन माता को अर्पण किया संपूर्ण रात्रि आनंद के महासागर में भक्तों ने गोते लगाए वहीं प्रातः काल की बेला पर मां जगत जननी की चौखट पर महा आरती संपन्न की गई इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तगणों के साथ समिति के संरक्षक अवधेश तिवारी अरुण मिश्रा बृजेंद्र तिवारी सुरेंद्र तिवारी सुरेश उमराव दयाशंकर त्रिवेदी दिनेश चंद्र ओमर बी डी सिंह समिति के अध्यक्ष रवि ओमर महामंत्री शिक्षक उमेश त्रिवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश ओमर उपाध्यक्ष रिशु ओमर कोषाध्यक्ष राजाराम ओमर संयुक्त मंत्री अखिलेश ओमर रजत प्रताप सिंह प्रसार मंत्री आर्य कुमार पाण्डेय उर्फ अक्कू जी शिक्षक कुलदीप तिवारी आरती त्रिवेदी शुभा मिश्रा लालता वर्मा सतीश वर्मा दीपक ओमर समेत समिति के सभी सदस्य एवं सेवादार भक्तगण मौजूद रहे

# डिवाइन पब्लिक स्कूल होगा 'शक्ति विज्ञान मेला' का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। डिवाइन पब्लिक स्कूल, बिछिया गोरखपुर में 21 अक्टूबर, दिन शनिवार को विद्यालय के प्रांगण में 'शक्ति विज्ञान मेला' का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन श्री सुभाष चंद प्रसाद, रवि प्रसाद एवं निशांत प्रसाद इसकी अध्यक्षता करेंगे। पुलिस विभाग के सीनियर सुपरिटेंडेंट डॉ० गौरव ग्रोवर ( आई० पी० एस० ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिथि महोदय के कर-कमलों द्वारा प्रातः 08:00 बजे किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे विकास के अनेक प्रकार तथा विज्ञान से संबंधित लगभग 70-80 नए-नए मॉडल की प्रदर्शनी की जायेगी। इस प्रदर्शनी में कक्षा छठीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं तथा अपनी रुचि के विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित अपनी अनूठी परियोजनाएँ जैसे- ए आई० चैटबॉट, सोलर कुकर, एंटी स्लीप अलार्म, रिवर क्लीनिंग मशीन, सर्विलांस कार, ऑटोमैटिक रेलवे ब्रिज, रोबोटिक्स कार, टेसला कॉइल, ट्रांसमिशन ऑफ डेटा थ्रू लाईट इत्यादि प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रदर्शनी का समय प्रातः 09-30 से 02:30 बजे तक निर्धारित है। इस प्रदर्शनी को देखने तथा बच्चों का उत्साहवर्धन करने हेतु कक्षा 6-8 (समय 09:30 से 12:00) तथा कक्षा 9-12 ( समय 12:00 से 02:30) सभी विद्यार्थियों

# बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक अभिलेखों का किया सत्यापन

### आनलाइन मानव सम्पदा पोर्टल से शतप्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराने का दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव द्वारा अध्यापकों के अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त अवशेष वेतन भुगतान के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि 69000 शिक्षक भर्ती के अन्तर्गत तृतीय बैच में जिन 32 अध्यापकों की विभिन्न ऑनलाइन नियुक्ति की गयी है उनके नियुक्ति के उपरान्त सम्बन्धित अध्यापकों के अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त अवशेष वेतन भुगतान हेतु कार्यालय से आदेश निर्गत किये जाने के पश्चात उक्त द्वारा अवशेष वेतन भुगतान की कार्यवाही विभाग द्वारा की जा रही है। उक्त से सम्बन्धित एवं ऐसे अन्य अध्यापक/अध्यापिका जिनका अवशेष एरियर का भुगतान आदेश निर्गत किया जा चुका है उनके शत्प्रतिशत एरियर का भुगतान ऑन-लाइन मानव सम्पदा पोर्टल से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए। यह भी निर्देश दिए गए कियदि अध्यापक/अध्यापिका द्वारा उपस्थित पंजिका के अभाव में उपस्थिति से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये हैं तो उनसे उपस्थिति के सम्बन्ध में व्यक्तिगत नोटरी शपथ पत्र प्राप्त कर नियमानुसार भुगतान इस प्रतिबन्ध के साथ करना सुनिश्चित जाये कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की कूट रचना एवं तथ्य गोपन किये जाने सम्बन्धी कोई तथ्य संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित से किये गये वेतन भुगतान की रिकवरी करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। ये पहली बार है जब इस सम्बंध में इस तरह का आदेश निर्गत किया गया है उक्त आदेश के बाद सम्बन्धित शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

# अनुकरणीय हैं फाइलेरिया उन्मूलन में महराजी गांव के प्रयास

### महराजी एचडब्ल्यूसी पर सीडीओ, एडी हेल्थ और सीएमओ ने किया फाइलेरिया कार्नर का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जनपद के पिपराईच ब्लॉक के महराजी गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर मंगलवार से फाइलेरिया कार्नर का शुभारंभ किया गया। इस कार्नर पर दिल्ली, मुंबई, मद्रास जैसे शहरों में रहने वाले गांव के प्रवासियों को दीपावली, छठ और होली जैसे पर्व पर गांव लौटने पर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। सेंटर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सुषमा सिंह अपने सामने उन्हें दवा का सेवन कराएंगी। आशा, आंगनबाड़ी और फाइलेरिया रोगी नेटवर्क प्रवासियों को फाइलेरिया कार्नर तक लाने में सहयोग करेंगे। इसका शुभारम्भ सीडीओ संजय कुमार मीणा, एडी हेल्थ डॉ आईबी विश्वकर्मा और सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने गांव पहुंच कर किया। कार्नर के शुभारम्भ कार्यक्रम में पहुंचे सीडीओ संजय कुमार मीणा, एडी हेल्थ गोरखपुर मंडल डॉ आईबी विश्वकर्मा, सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुभव कुमार मिश्र, नोडल अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा और जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने गांव के ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना की जिनकी मदद से अभियान के दौरान गांव में उपलब्ध शत फीसदी लोगों को दवा का सेवन कराया जा सका। एडी हेल्थ डॉ आईबी विश्वकर्मा ने बताया कि महराजी गांव गोरखपुर मंडल का पहला ऐसा गांव रहा जहां शत फीसदी लोगों को सबसे पहले दवा का सेवन कराया जा सका है। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों व गांव के लोगों के साथ फाइलेरिया रोगी नेटवर्क का विशेष योगदान रहा है। मंडल के गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया जनपद में फाइलेरिया रोगी नेटवर्क कार्य कर रहा है। इस गंभीर बीमारी से ग्रसित फाइलेरिया मरीज ही इस नेटवर्क का हिस्सा बन कर समुदाय को जागरूक कर रहे हैं। नेटवर्क की मदद से फाइलेरिया रोगियों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लाइलाज बीमारी है जिसे हाथीपांव के नाम से भी जानते हैं। साल में एक बार लगातार पांच साल तक इससे बचाव की दवा बड़ी आबादी द्वारा खाई जाए तो इस बीमारी से समुदाय को मुक्त कराया जा सकता है। महराजी गांव में अभियान के दौरान उपलब्ध 3090 लोगों को दवा का सेवन करा दिया गया। इसके लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने रात में भी अभियान का संचालन किया था। गांव के लोगों ने भी उनका साथ दिया। ग्रामीणों के उत्साह को देखते हुए इस गांव में प्रवासियों को दवा खिलाने का एक नवाचार शुरू किया गया है, जिसके परिणामों के आधार पर भावी कार्ययोजना बनाई जा सकती है। जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है जो गंदे पानी में पाया जाता है। इसका संक्रमण होने पर लक्षण दिखने में पांच से पंद्रह वर्ष तक का समय लग जाता है। एक बार यह बीमारी हो जाती है तो पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाती। महराजी गांव में आधा दर्जन से अधिक फाइलेरिया रोगी हैं, इसलिए सभी के लिए बचाव की दवा का सेवन करना अनिवार्य है। इस मौके पर अधीक्षक डॉ मणि शेखर, एएमओ राजेश चौबे, मलेरिया इंस्पेक्टर पूजा, बीपीएम प्रशांत गोबिंद राव, बीसीपीएम विमलेश त्रिपाठी, एचएस रमेश चंद्र, आईसीडीएस डिपार्टमेंट से कुसुम लता, एएनएम कुसुम कुमारी, सीएचओ प्रीतम कुमार शर्मा, नवीन कुमार, रामावतार बैरवा समेत दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी, नेटवर्क सदस्य, आशा, आंगनबाड़ी और ग्रामीण प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीफार संस्था के प्रतिनिधिगण ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# एंटी करप्शन के हाथों घूस लेते पकड़ा गया लेखपाल

### पैमाइश के नाम पर पांच हजार रुपये की किया घूसखोरी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के सदर तहसील अंतर्गत गांव खानपुर निवासी किसान शिव सोहन तिवारी की जमीन की पैमाइश के लिए स्थानीय लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव एंटी करप्शन के हाथों 5000 रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया मिली जानकारी के अनुसार लेखपाल फतेहपुर जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र के चक कोर्रा सादात गांव का निवासी है जिसने अपने कार्य क्षेत्र ग्राम पंचायत के किसान पर पैमाइश के मामले को लेकर रिश्वत का दबाव बनाया रिश्वत न देने पर बार-बार किसान तहसील के चक्कर काटता रहा लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव ने इस काम के लिए किसान से 5 000 रुपए की मांग की जहां किसान ने सारा मामला एंटी करेक्शन टीम को कह सुनाया किसान 5000 रुपए लेकर लेखपाल के पास पहुंचा तथा मांगने पर उसे दिया लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव जब तक अपनी जेब के अंदर पैसे रख पाता एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया तत्काल गिरफ्तार करते हुए लेखपाल के ऊपर स्थानीय थाना अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई

# स्वास्थ्य कैंप लगाकर चिकित्सकों ने किया उपचार

### गांव में भ्रमण करते हुए आम जनमानस को साफ सफाई की दी जानकारी



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के तत्वावधान में विकासखंड के गांव सिकरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया गांव पहुंचे चिकित्सक डॉक्टर रोहिणी डॉक्टर सुनील लैब टेक्नीशियन जगमोहन सी एच ओ प्रिया एवं आशा कार्यकत्री सीता देवी के सराहनीय सहयोग से गांव के 68 मरीजों का उपचार किया गया चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि गांव में लगे स्वास्थ्य शिविर में 29 मैरिज बुखार 33 मरीज सर्दी जुकाम तथा 6 मरीज अन्य बीमारियों के मिले वही 8 मरीजों की डेंगू मलेरिया जांच की गई जो ऋणात्मक पाई गई गांव पहुंचे चिकित्सकों ने गांव में भ्रमण करते हुए नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरुक करते हुए रोगों से बचाव की जानकारियां दी।

# संकुल बैठक में शिक्षा विभाग ने एजेंडे पर की गहन चर्चा

### कॉलिंग रजिस्टर समेत शिक्षण योजना का डेमो किया गया प्रदर्शित

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के देवमई विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरिगवां द्वितीय में शिक्षण संकुल बैठक आयोजित की गई बैठक में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ल ने मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्लन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया बैठक के दौरान मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी समेत विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साधना यादव एवं प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर की शिक्षिका कल्पना गौतम समेत सभी शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में मौजूद एआरपी सुनील गौतम ने शिक्षा विभाग का एजेंडा बिंदुवार प्रांगण में उद्बोधित किया वहीं प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर की सहायक अध्यापिका कल्पना गौतम द्वारा एक पहेली बुझाई गई जिसमें सभी शिक्षक गणों ने अपने-अपने जवाब रूपी विचार दिए शिक्षिका द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस डेमो किया गया वहीं संकुल शिक्षक सुयश द्वारा शिक्षण योजना का डेमो प्रदर्शित किया गया कार्यक्रम में मौजूद एल एल एफ टीम के परविंदर चौहान ने प्रतिभागिता निभाते हुए एजेंडा के कई बिंदुओं पर विशेष चर्चा की वही संकुल शिक्षक कल्पना गौतम द्वारा विद्यालय का कालिंग रजिस्टर के विषय में विस्तृत जानकारियां दी गई कार्यक्रम में मौजूद कई शिक्षकों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई जिसका निराकरण एआरपी सुनील गौतम द्वारा सहजता पूर्वक किया गया वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी ने देवमई विकासखंड शिक्षा क्षेत्र को निपुण बनाने के लिए सभी शिक्षकों को वचनबद्ध कराया खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमारा तथा हमारे शिक्षकों का एक संकल्प होना चाहिए कि समूचे शिक्षा क्षेत्र के हर विद्यालय को निपुण बनाकर जनपद में कीर्तिमान स्थापित करें कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षक गणों ने खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश का पूर्णतया पालन करने का वचन दिया संकुल बैठक में आए हुए सभी शिक्षकों का कार्यक्रम की आयोजन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साधना यादव ने आभार व्यक्त किया इस मौके पर देवमई विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के बकेवर न्याय पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे

# सोनभद्र से डॉ बृजेश बने प्रश्नाल्टी डेवलपमेंट लीडर



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। भारत स्काउट/गाइड उत्तर प्रदेश प्रदेश मुख्यालय गोल मार्केट महानगर लखनऊ के तत्वावधान में प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में आयोजित नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास कोर्स का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्राप्त किया। इस सफलता पर डॉक्टर प्रभात कुमार स्टेट चीफ कमिश्नर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश एवं प्रशिक्षण संचालक अरविन्द कुमार श्रीवास्तव स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया। डॉ बृजेश महादेव ने हीरालाल यादव एस ओ सी उप्र, एन एल श्रीवास्तव एल ओ सी, नजीर मुकविल एल टी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह ए एल टी, महेश कुमार, शिव प्रताप सिंह, अमित कुमार सहित का आभार व्यक्त किया, जिनके सानिध्य में यह प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। तथा इस सुअवसर के लिए जिला स्काउट व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र को धन्यवाद दिया जिन्होंने यह सुअवसर प्रदान किया। प्रशिक्षण में प्रदेश भर से पांच दर्जन से अधिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन सम्मिलित हैं। डॉ बृजेश कुमार सिंह महादेव सोनभद्र से एक मात्र प्रतिभागी रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान

अमन लेखनी समाचार

**महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया गया जागरुक।**

**कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा जागरूकता हेतु चलाया जा रहा 10 दिवसीय विशेष अभियान**



सोनभद्र। शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीडन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद सोनभद्र के समस्त थानों पर गठित एन्टी रोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/कस्बा/बस अड्डा/सार्वजनिक स्थानों/प्रमुख चौराहों प्रमुख बाजारों/मन्दिर/शिवालयों/शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है तथा उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता कर संदिग्धों की चैकिंग कर आवश्यक हिदायत दी जा रही है। समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष पर बालिकाओं/महिलाओं की गोष्ठी करके उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। बिना कारण घूमने वाले लड़कों/शोहदों की चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2023 को समस्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की गोष्ठी करके उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्गत मिशन शक्ति अभियान से संबंधित आदेश- निर्देश से अवगत कराया गया तथा साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स एवं जरूरी सूचनाओं कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पम्पलेट भी वितरित किए गए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद ऐप फेसबुक/ट्वीटर/इंस्टाग्राम आदि का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

# पुलिस अधीक्षक के साथ जिलाधिकारी ने किया पैदल गस्त



**दुर्गा पूजा स्थलों का निरीक्षण कर मिशन शक्ति अभियान के विषय में जनमानस को किया प्रेरित**

अमन लेखनी समाचार

खागा, फतेहपुर। जनपद की जिला अधिकारी सी इंदुमती ने पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के साथ भारी पुलिस बल लेकर खागा कोतवाली कस्बे अंतर्गत पैदल गस्त किया जिलाधिकारी ने कस्बे के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से वातालर्लाप की वातालर्लाप करते हुए जिलाधिकारी ने महिला हेल्पलाइन समेत सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा के सभी नंबरों के विषय में वृहद जानकारी देते हुए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की गहन जानकारियां दी पैदल गस्त करते हुए पुलिस अधीक्षक एवं जिला अधिकारी ने आम जनमानस से शारदीय नवरात्र के चलते शांति

# महिलाओं के आत्मसम्मान का रखा जाए ध्यान- जिला प्रोवेशन अधिकारी

**मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत स्थानीय परिवाद समिति की बैठक वन स्टाप सेन्टर लोढी मे आहुत की गयी**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक 17-10-2023 को जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत स्थानीय परिवाद समिति की अध्यक्ष कीर्ति मंडेलिया की अध्यक्षता मे वन स्टाप सेन्टर लोढी मे बैठक आहुत की गयी जिसमे सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि समस्त विभागों में आंतरिक परिवार समिति का गठन किया गया है जिसमें यदि किसी महिला कार्मिक द्वारा शिकायत की जाती है और वह आंतरिक परिवाद समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं होती है। वह अपना प्रकरण स्थानीय परिवार समिति जो जनपद स्तर पर गठित है उसमें रख सकती है तथा उसे निर्धारित समय के अंतर्गत न्याय दिया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मिशन शक्ति फेज चतुर्थ चरण के तहत जो नारी सुरक्षा नारी सम्मान वह नारी स्वावलंबन को केंद्र में रखकर चलाई जा रही है। जिसके तहत प्रत्येक महिलाओं को सम्मान के साथ समाज में जीने का हक है तथा बराबरी का हक प्राप्त करते हुए किसी भी कार्यस्थल पर कार्य करने का अधिकार है। उनके लिए कोई भी अपमानजनक शब्द या उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले शब्द का इस्तेमाल न किया जाए। उनके साथ कोई भेदभाव या लैंगिक उत्पीड़न की घटना प्रकाश में नहीं आनी चाहिए। यदि इस प्रकार की कोई घटना संज्ञान में आता है तो उस कार्मिक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान बैठक में इंद्रावती कुमारी केसवर्कर, स्थानीय परिवार समिति की अध्यक्ष कीर्ति मंडेलिया, आशा मिश्रा सदस्य, संगीता राय सदस्य, धर्मेंद्र पांडे सदस्य, साधना मिश्रा सीमा द्विवेदी, शीला सिंह सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, नेहा अग्रहरि विधि शाह परीक्षा अधिकारी, संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह मौजूद रहे।

# नवरात्रि के दुसरे दिन गंगा महा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर - विन्ध्याचल मॉ विंध्यवासिनी पक्का घाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में संचालित मां गंगा की आरती के नवरात्र के द्वितीया को महा गंगा आरती में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी रहे पतित पावनी मां गंगा की आरती के पहले माता गंगा का मंत्रोच्चार से मॉ गंगा का विधि-विधान से पूजन करके नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी को संकल्प कराकर मॉ गंगा की आरती प्रारम्भ हुई नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने कहा कि मॉ गंगा आरती हमे एक घंटे का समय निकाल कर प्रतिदिन आना चाहिए अपने आने वाले बच्चों को मॉ गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक करना चाहिए हम लोग मिलकर मीरजापुर जिले को स्वच्छ सुंदर रखने का संकल्प लेते हैं मॉ गंगा तट से आरती पश्चात मां गंगा की आरती में उपस्थित भक्तों को जयकारे के साथ पतित पावनी मां गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाने का संकल्प दिलाया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोटोकाल अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट राम पाल राजेश श्रीवास्तव अरूण सिंह अलंकार जायसवाल रहे आरती पश्चात पुरी आरती टीम द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया मुख्य रूप से आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी प्रशांत उपाध्याय धीरज तिवारी, साजन तिवारी आनन्द तिवारी दिनेश बलवंत गगन रितिक विश्वनाथ हिमांशु मिश्रा राहुल मोहित आदि लोग शामिल रहे।

# सोनभद्र में एम्स एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय की हो स्थापना

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र 17 अक्टूबर 2023 अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा ने अधिवक्ता भवन, तहसील परिसर, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में बैठक हुई ! बैठक की अध्यक्षता डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन सोनभद्र के महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने किया ! राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एड ने कहा कि सोनभद्र का तीन दशक बाद भी अपेक्षित विकास नहीं हो सका। मोर्चा ने मांग किया कि यहां एम्स जैसे एक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थान बने एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय बने ! जिसने छात्र पढ़ सके ! जनपद के सोनभद्र रेलवे स्टेशन से मुंबई, कोलकाता, गुजरात व अन्य बड़े शहरों के लिए सीधे ट्रेनों का संचालन किया जाना चाहिए सरकार का जनसरोकारी सोच होनी चाहिए जिनसे की जनपद के चहुमुखी विकास हो ! राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जायसवाल ने कहा कि सोनभद्र उत्तर प्रदेश मे क्षेत्रफल के हिसाब से बड़ा जिला है। यह भारत का एकमात्र जिला है जो चार राज्यों की सीमा में है, अर्थात पश्चिम में मध्य प्रदेश, दक्षिण में छत्तीसगढ़, दक्षिण-पूर्व में झारखंड और उत्तर-पूर्व में बिहार। सोनभद्र जिला एक औद्योगिक क्षेत्र है और इसमें बहुत सारे बॉक्साइट, चूना पत्थर, कोयला, सोना आदि हैं। इसे भारत की ऊर्जा राजधानी कहा जाता है क्योंकि यहां बहुत सारे बिजली संयंत्र हैं। और कैमूर वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, सलखन जीवाश्म पार्क, विजयगढ़ किला, अगोरी फोर्ट, मुक्खा वॉटरफाल जैसे स्थलों के साथ रॉक पेंटिंग जल्द ही पर्यटन मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है किंतु यहां न विश्वविद्यालय, न एम्स और नही आधारभूत सुविधाएं ! इस अवसर पर काकु सिंह, अनिल कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट, लक्ष्मी कांत शुक्ला, अशोक कुमार कनौजिया एडवोकेट, संतोष चतुर्वेदी, पवन कुमार द्विवेदी एडवोकेट, राजकुमार सिंह, नवीन कुमार पांडे, नेतराज पटेल, दीप नारायण पटेल अशोक सिंह, आदि लोग उपस्थित थे !

# जिलाधिकारी ने प्रातः काल विन्ध्याचल पहुंचकर व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज प्रातः काल लगभग 06:30 से 07 बजे के आस पास विन्ध्याचल पहुंचकर चल रहे शारदीय नवरात्र मेला के व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मन्दिर परिसर न्यू वी0आई0पी0 मार्ग पक्का घाट व विभिन्न घाटो पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो के ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर उपस्थिति चेक करते हुये चुस्त दुरूस्त व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिया इस दौरान जिलाधिकारी विन्ध्याचल मन्दिर में दर्शन के लिये कतारबद्ध कई दर्शनार्थियो से वार्ता भी की तथा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली इस अवसर पर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल भी उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में विंध्य क्षेत्र में भिक्षावृत्ति में संलिप्त महिलाओं, बच्चों के कल्याण हेतु चलाया गया अभियान

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मां विन्ध्याचल, काली खोह, अष्टभुजा मन्दिर परिक्षेत्र में भिक्षा वृत्ति में संलिप्त महिलाओं एवं बच्चों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, कन्या सुमंगला, स्पांसरशिप योजना, वृद्धाश्रम इत्यादि से जोड़ने हेतु अभियान चलाया चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरे शारदीय नवरात्रि मेला में चलेगा। इसके लिए महिला कल्याण विभाग व पुलिस विभाग से एस जे पी यू की टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 11 दिवसीय योग शिविर समापन के दिन लिया नियमित योग करने का संकल्प



सोनभद्र। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा निर्देशित योग शिविर के क्रम में युवा भारत जिला महामंत्री /सोशल मीडिया प्रभारी योगी संकट मोचन द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चुर्क सोनभद्र में लगातार कराए जा रहे शिविर के आखिरी दिन पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, नगर संरक्षक शेषमणि तिवारी, नगर प्रभारी अजय कुमार पांडेय, द्वारा योग साधक छात्र छात्राओं को ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, चक्रासन भस्त्रिका कपालभाति, अनुलोम- विलोम प्राणायाम, सिंह दहाड़, हास्य आसान करके उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत तरीके से समझाया गया, बीच-बीच में करें योग रहे निरोग का नारा गुजता रहा, अंत में शांति पाठ के साथ शिविर का समापन हुआ पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी आदरणीय भ्राता दुर्गेश योगी जी द्वारा जनपद सोनभद्र में जगह- जगह शिविर लगाकर योग का प्रचार प्रसार करते रहने के लिए जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी के माध्यम से पतंजलि का टी-शर्ट देकर उत्साहवर्धन किया गया

# मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



ओबरा सोनभद्र। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ0 चारू द्विवेदी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत लघु फिल्म कार्यक्रम का आयोजन स्वामी सत्यानन्द सरस्वती सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल ओबरा, सोनभद्र मे किया गया। उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को गुड़ टच, बैड टच के बारे जानकारी दी गई।महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2023 को समस्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की गोष्ठी करके उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्गत मिशन शक्ति अभियान से संबंधित आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया तथा साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स एवं जरूरी सूचनाओं कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पम्पलेट भी वितरित किए गए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद ऐप फेसबुक/ट्वीटर/इंस्टाग्राम आदि का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।इस मौके पर जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी, कोतवाल ओबरा अविनाश कुमार सिंह, कस्बा प्रभारी जितेंद्र प्रसाद, साधना मिश्र, महिला थाना रॉबर्ट्सगंज से महिला थानाध्यक्ष कु0 सरोजमा सिंह मय मिशन शक्ति टीम, वन स्टाप सेन्टर केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह व नागेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# एस सी-एसटी एक्ट के चार अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष कारावास

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट मोहम्मद गजाली की अदालत ने सोमवार को दिलदारनगर थाना क्षेत्र के उसिया गांव में महिला के साथ मारपीट के मामले में चार अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष के कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार वादिनी वसुनी देवी पत्नी शर्मा राम निवासी ऊसिया थाना दिलदारनगर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया की गांव के आजम खान, असीम खान, अहमद खान और निषाद खान की झोपड़ी के सामने सहन की जमीन है, उसको अपना बताकर बेदखल करना चाहते हैं। बीते 27 अक्टूबर 2006 को शाम चार बजे ये लोग दरवाजे पर आए और कहा कि मेरी जमीन में रहती हो तो किराए में मुर्गा खिलाओ। मना किया तब उन्होंने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया, पिटाई की।सभी घर में घुस गए और पति को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। थाने में तहरीर दी तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दी, इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय में प्रार्थना पत्र दी। आदेश के बाद मुकदमा दर्ज हुआ। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप चतुर्वेदी ने छह गवाहों को पेश किया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की बात सुनने के बाद अदालत में चारों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उपरोक्त सजा सुनाई है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

**खाद्य एवं रसद विभाग के थोक एवं फुटकर दुकानों के खाद्य लाईसेंस हेतु अभियान चलाकर करायें पंजीकरण**



सोनभद्र। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र की अध्यक्षता में आहूत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 17.10.2023 को सायं 01:00 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सम्पन्न हुयी जिसमें लाइसेंस/पंजीकरण से आच्छादित करने हेतु, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अन्तर्गत ईट राईट इण्डिया अभियान के तहत-ईट राईट स्कूल, ईट राईट कैम्पस आदि को सम्बन्धित विभागों के सहयोग एवं समन्वय से सफल बनाने, सर्विलांस सैम्पल की कार्यवाही, एफ0एस0डब्लू (थ्ववक 'मिजल वद्'ीमंसे) की कृत कार्यवाही, प्रवर्तन अभियोजन तथा जागरूकता कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकरी सहायक आयुक्त (खाद्य) -प्प, सोनभद्र द्वारा प्रदान की गयी। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त अल्कोहालिक बेवरेजे की दुकानो, पी0डी0एस0 के समस्त गोदामों/दुकानों, आई0सी0डी0एस0 के समस्त गोदामों जनपद में संचालित सभी सेल्टर हाउस, बाल सुधार गृह, आश्रम पद्धति विद्यालय तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत लाइसेंस/पंजीकरण से आच्छादित कराने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ईट राईट स्कूल योजना से समस्त आवासिय विद्यालय (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, अटल आवासिय विद्यालय, नयोदय विद्यालय) को इस योजना से आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया गया। सरकारी/निजी संस्थान जहॉ कैन्टीन संचालित है यथा-पुलिस लाईन मेस, जिला जेल, मेडिकल, इंजीनियरिंग व पालीटेक्नीक कालेज में संचालित मेस/कैन्टीन तथा निजी संस्थानों में संचालित कैन्टीन/मेस को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनिमय के तहत लाइसेंस/पंजीकरण कराते हुए ईट राईट कैम्पस योजना से आच्छादित कराने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार सैम्पलिंग की कार्यवाही करायेंगे। जनपद में खुल में बेचे जा रहे मांस की विक्री पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया। जनपद के सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 एवं जिला अस्पताल के आस-पास संचालित मेडिकल स्टोरो का निरीक्षण तथा सरकारी अस्पताल, वेयर हाउस, सेन्ट्रल वेयर हाउस व कास्मेटिक के नमूनें संग्रहित करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जनपद में संचालित सभी आर0ओ0 प्लान्ट की जॉच एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सी0 ओ0 सदर, डिप्टी सी0एम0ओ0, सोनभद्र, सी0एम0ओ0, एन0आर0सी0, पंचायती राज अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, सोनभद्र, उद्योग उपायुक्त, सोनभद्र, वाणिज्यकर अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, ए0आर0ओ0, जिलापूर्ति कार्यालय, सोनभद्र, सी0डी0पी0 ओ0, सोनभद्र, डी0एम0एम0/एन0आर0एल0 एम0, सोनभद्र, ए0डी0आई0 सूचना, सोनभद्र, जिला कृषि अधिकारी आबकारी निरीक्षक, सोनभद्र, सुशील कुमार सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)-प्प् सोनभद्र, औषधि निरीक्षक, सोनभद्र, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सोनभद्र, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सोनभद्र, अध्यक्ष औषधि विक्रेता संघ, सोनभद्र, अमरेश चन्द्र पाठक, अमित चन्देल, इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थें।

## राम व सीता जन्म पर हर्षित हुए लीला प्रेमी

रेणुकूट। हिण्डाल्को रामलीला परिषद द्वारा हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर दूसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ राजा दशरथ द्वारा किये गये पुत्रेष्ठि यज्ञ के सजीव मंचन के साथ हुआ। पुत्रेष्ठि यज्ञ से राजा दशरथ की तीनों रानियों कौशल्या, कैकेई और सुमित्रा को पुत्र रत्नों की प्राप्ति होती है। रामलला के जन्म की खबर पर पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ जाती है और रामलला के दर्शन पाकर मैदान पर उपस्थित हजारों दशकों में भी उल्लास छा जाता है और पूरा मैदान श्री राम के जयकारे से गूंज उठता है और इसके बाद की लीलाओं में गुरू वशिष्ठ नामकरण करते हुए चारों भाइयों को क्रमशः राम, लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न का नाम प्रदान करते हैं। आगे चारों भाई गुरू वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा प्राप्त करते हुए अपने बाल सुलभ लीलाओं से दर्शकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके उपरान्त श्री राम एवं लक्ष्मण द्वारा मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा राक्षसों से करने का दृश्य भी बहुत ही सजीवता से मंचित किया जाता है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

वैसे तो फेस्टिव सीजन में ब्राइट-कलरफुल ड्रेसेस के ढेरों ऑप्शंस में से आप कोई भी सेलेक्ट कर सकती हैं। लेकिन जब मौका हो नवरात्र से जुड़े इवेंट में शामिल होने का तो आपकी ड्रेस डिफरेंट होने के साथ ट्रेडिशनल और गॉर्जियस भी होनी चाहिए। इसके लिए आप कलरफुल थ्रेड वर्क वाली ड्रेस कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको काफी वैराएटीज मिल जाएंगी।

# कलरफुल थ्रेड वर्क ड्रेसेस में आप दिखेंगी डिफरेंट-अट्रैक्टिव

फैशन / ममता आनंद, फैशन डिजाइनर



नवरात्रों से जुड़े इवेंट्स में शामिल होने के लिए महिलाओं में सजने-संवरने का खूब क्रेज होता है। स्पेशली रात में होने वाले गरबा और डांडिया में युवतियां आकर्षक दिखने के लिए ड्रेस का खास खयाल रखती हैं। अगर आप अपने आउटफिट को लेकर कंफ्यूज हैं कि इन इवेंट्स के लिए किस तरह की ड्रेस सेलेक्ट करें तो आप यहां बताई जा रही कलरफुल थ्रेड वर्क वाली ड्रेसेस ट्राई कर सकती हैं।

### मिरर वर्क ड्रेस

अगर आप इन नवरात्रों में डिफरेंट लुक में दिखना चाहती हैं तो कोई ऐसी ड्रेस कैरी करें, जिस पर मिरर वर्क हो। मिरर वर्क वाली ड्रेस नवरात्र जैसे ट्रेडिशनल फेस्टिव ऑकेजन पर बहुत सूट करती है। आप अपनी पसंद के अनुसार मिरर वर्क वाली साड़ी या सूट कुछ भी कैरी कर सकती हैं, दोनों में यह अट्रैक्टिव नजर आता है। इस डिजाइन की खास बात यह है कि इसमें छोटे-छोटे मिरर के साथ कलरफुल थ्रेड्स भी होते हैं, जिनका कॉम्बिनेशन बहुत प्यारा लगता है। आप चाहें तो मिरर वर्क के साथ कलरफुल एंब्रॉयडरी की ड्रेस भी ट्राय कर सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि अगर एंब्रॉयडरी एक ही कलर की है तो ड्रेस का फैब्रिक कलरफुल हो।

### कांथा वर्क ड्रेस

कांथा वर्क वाली ड्रेस, ऐसी ड्रेसेस में शामिल है, जो कभी आउटडेटेड नहीं होती है। खास बात यह है कि यह ड्रेस कलरफुल थ्रेड्स से बनी होती है, इसीलिए नवरात्र जैसे मौके पर खूब जंचती है। कांथा वर्क वाला लहंगा, साड़ी या फिर सूट आप अपनी पसंद की कोई भी ड्रेस पहन सकती हैं, यह हर तरह की ड्रेस में आकर्षक लगता है। यह लाइट वेटेड और हैवी दो तरह के फैब्रिक में मिलता है। आप अपनी पसंद के अनुसार कोई भी ड्रेस चुन सकती हैं। हालांकि ये थोड़ा कॉस्टली होता है लेकिन इसकी सुंदरता लाजवाब होती है।

### सिल्क वर्क ड्रेस

सिल्क वर्क वाली ड्रेसेस हमेशा से ही महिलाओं की फेवरेट रही हैं, ये भी कभी आउटडेटेड नहीं होती हैं। इन नवरात्रों ये जुड़े किसी आयोजन में जब आप सिल्क वर्क की साड़ी या लहंगा पहनती हैं तो आपका लुक बहुत अट्रैक्टिव और डिफरेंट नजर आता है। ये वर्क अगर सिंपल हो तो भी फेस्टिवल के लिए परफेक्ट लगता है। इसीलिए फेस्टिव सीजन में यंग और मिड एज की महिलाएं इसे बड़े शौक से पहनती हैं।

### गोटा वर्क ड्रेस

पूजा-पाठ से जुड़े आयोजनों में महिलाएं अकसर गोटा वर्क वाली साड़ी पहने नजर आती हैं। ये साड़ियां लाइटवेटेड होती हैं, जिन्हें आसानी से कैरी कर सकते हैं। इसमें फैब्रिक के कलर कुछ ब्राइट होते हैं, इसीलिए फेस्टिव ऑकेजन पर सूट करते हैं और महिलाओं को खूब भाते हैं। जब आप दुर्गा पूजा से जुड़े पूजा-पाठ के प्रोग्राम में इन्हें पहनती हैं, तो आपको सोबर लुक मिलता है। इन दिनों मार्केट में गोटा वर्क वाले लहंगे, साड़ी, सूट और दुपट्टे खूब मिल रहे हैं।







### फिगर प्रिंटेड-एंब्रॉयडरी ड्रेस

बीते कुछ वर्षों से फिगर प्रिंटेड लहंगे भी काफी ट्रेंड में हैं। ऐसी ड्रेसेस युवतियां खासतौर पर नवरात्र के मौके पर कैरी करना पसंद करती हैं। इन पर डांडिया खेलते हुए या फिर किसी भगवान की फोटो या कोई भी अच्छी कल्चरल-स्प्रिचुअल फिगर बनी हो सकती है। ये बेहद खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसी ड्रेस को पहनकर अगर आप डांडिया खेलेंगी तो आपका पूरा लुक ही डिफरेंट नजर आएगा। तो इन नवरात्रों में आप भी ऐसी ड्रेस ट्राई कर सकती हैं, जिनमें अच्छी सी कोई फिगर बनी हो और साथ ही उस पर एंब्रॉयडरी वर्क किया गया हो। लेकिन ड्रेस खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि फिगर के साथ उस पर एंब्रायडरी वर्क कलरफुल हो, इससे आपकी ड्रेस और भी शानदार नजर आएगी। *

प्रस्तुति : मानसी

# फेस्टिव सीजन में स्किन दिखे ग्लोइंग



ब्यूटी

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



नवरात्र के साथ ही फेस्टिव सीजन शुरू हो चुका है। इस दौरान बाकी तैयारियों के साथ ही आपको अपनी स्किन का भी पूरा ध्यान रखना होगा। तभी फेस्टिवल सेलिब्रेशन के दौरान आपकी स्किन ग्लोइंग-अट्रैक्टिव नजर आएगी और उस पर फेस्टिव मेकअप फबेगा।

नवरात्र शुरू होने के साथ ही महिलाएं क्लीनिंग, डेकोरेशन में जुट जाती हैं। इसके साथ ही वे यह भी चाहती हैं कि नवरात्र में होने वाले गरबा, डांडिया और दुर्गा पूजा से जुड़े कल्चरल इवेंट में जब पार्टिसिपेट करें तो उनके फ्रेंड्स, रिलेटिव्स और आस-पड़ोस के लोग उनकी ब्यूटी, ड्रेसअप और मेकअप स्टाइल की तारीफ करें। ऐसा हो सकता है, अगर आप अपनी स्किन केयर प्रॉपर तरीके से करें। इसीलिए हम आपको यहां कुछ ऐसी जरूरी बातें बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करने से आपकी स्किन पर अलग तरह का ग्लो नजर आएगा।

**स्किन पर बनी रहे नमी:** नवरात्रों में मौसम तेजी से करवट लेता है। दिन में गर्मी और रात में टेंप्रेचर कम होने लगता है। रात के समय तापमान गिरने से नमी में कमी आ जाती है, स्किन से जुड़ी कुछ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके अलावा नवरात्रों में ज्यादातर महिलाएं व्रत रखती हैं। व्यस्त होने की वजह से सही समय पर डाइट नहीं लेने से उनके हेल्थ पर असर पड़ता है, फेस डल दिखने लगता है। इससे बचने के लिए सारी व्यस्तताओं के बीच पर्याप्त पानी, जूस या सूप लेती रहें। ऐसा ना करने से स्किन में मॉयश्चर की कमी आ सकती है, वो ड्राय हो सकती है। आप नारियल पानी, नीबू पानी, ताजा पानी, जूस पीती रहें, जिससे आपको थकावट महसूस नहीं होगी और स्किन नेचुरली ग्लो करेगी।



**स्किन क्लीनिंग:** इस फेस्टिव सीजन में अपने फेस की नेचुरल ब्यूटी और ग्लो बनाए रखने के लिए स्किन को रेग्युलर क्लीन करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर लगाना ना भूलें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो कॉटन वूल की मदद में चेहरे पर एस्ट्रिंजेंट लोशन लगा लें। अपने चेहरे पर मेकअप करने से पहले स्किन टोनिंग जरूर करें। अच्छी टोनिंग से स्किन पर जमे तैलीय पदार्थ, डस्ट को हटाने में मदद मिलती है, जिससे स्किन का पीएच संतुलन बरकरार रहता है और वो ग्लो करती है। यदि आप हर रात गरबा डांस एंज्वॉय करना चाहती हैं तो आपको अपनी आंखों के आस-पास की स्किन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि वहां सूजन यानी पफीनेस न दिखे। इसके लिए डेली आठ-दस घंटे की नींद सुनिश्चित करें।

**हाथ-पैरों की क्लीनिंग:** अपने चेहरे की सुंदरता के साथ ही अपने हाथ के नाखूनों और पांवों पर भी पूरा ध्यान दीजिए। इसके लिए जल्द से जल्द मेनीक्योर और पेडीक्योर जरूर करवा लें। आप घर में ही ईजिली मेनीक्योर और पेडीक्योर करवा सकती हैं। इसके लिए नीबू के रस में थोड़ी चीनी मिलाकर मिश्रण तैयार कर लें। अब इससे अपने हाथों और पैरों की रगड़ कर मालिश कर लीजिए। पैरों की स्किन को तरोताजा रखने के लिए रोजाना सोने से पहले इनकी मालिश बहुत जरूरी है। आधे टब गर्म पानी में आधा कप बेकिंग सोडा, थोड़ा सा सेंधा नमक, एक कप एप्पल साइड विनेगर और कुछ बूंदें लैवेंडर ऑयल डालकर अपने पैरों को इस मिश्रण में कुछ देर तक टब में रहने दीजिए। उसके बाद पैरों को साफ कॉटन से साफ कर लीजिए। इससे पैरों की त्वचा तरोताजा रहेगी। *

डाइट सजेशन/ डॉ. शालिनी सिंघल, डाइटीशियन, दिल्ली

# व्रत के दौरान लें ऐसी डाइट ना हो कोई हेल्थ प्रॉब्लम



अगर आपने इन नवरात्रों में नौ दिनों का व्रत रखा है तो इस दौरान अपनी डाइट का ध्यान रखें। यह इसलिए जरूरी है, ताकि आपको कोई प्रॉब्लम ना हो और हेल्दी-एनर्जेटिक फील करें। आप चाहें तो यहां दिए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

नवरात्र के पूरे नौ दिन तक व्रत रखना थोड़ा कठिन होता है। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी ना हो, इसके लिए आप सही डाइट प्लान फॉलो कर हेल्थ प्रॉब्लम्स से बची रह सकती हैं।

**ब्रेकफास्ट:** व्रत के दौरान सुबह नाश्ते में रोस्टेड मखाना और ड्राई फ्रूट्स के पावडर से तैयार शेक, केला या अखरोट पावडर का शेक ले सकती हैं। इससे आप पूरा दिन एनर्जेटिक फील करेंगी। जिन महिलाओं को डायबिटीज है, वे शेक में चीनी की बजाय शहद डालें।

**लंच-डिनर:** व्रत के दौरान लंच और डिनर में आप साबुदाना की खिचड़ी खा सकती हैं। यह स्टार्च और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती है। यह सुपाच्य होता है और एनर्जी भी देता है। अगर आपका खिचड़ी खाने का मन नहीं है तो सिंघाड़े या कुट्टू के आटे को उबले आलू में मिलाकर टिक्की, पूरी, परांठा या रोटी बना सकती हैं। आप चाहें तो वैरायटी लाने के लिए इससे आलू या पनीर स्टफिंग वाला डोसा भी बना सकती हैं। व्रत के दौरान आप उबले आलू और शकरकंद की चाट बनाकर भी खा सकती हैं। इससे व्रत में महसूस होने वाली कमजोरी और थकान भी दूर होगी। दोपहर में फलाहार के साथ दही का सेवन करना भी बहुत फायदेमंद है। आप दही में आलू, खीरा मिलाकर रायता या फल डालकर खा सकती हैं। इससे आपको टेस्ट के साथ-साथ भरपूर पोषक तत्व भी मिलेंगे, क्योंकि दही में मौजूद गुड बैक्टीरिया या प्रोबॉयोटिक्स आपकी गट को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं और एनर्जी भी प्रदान करते हैं।



**स्नैक्स:** व्रत के दौरान शाम के समय स्नैक्स के तौर पर बाजार में मिलने वाले फलाहारी चिप्स, नमकीन बड़े चाव से खाए जाते हैं। ये नमक और ऑयल से भरपूर होते हैं और सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आप इनकी जगह रोस्ट किए ड्राय फ्रूट्स, मखाने, मूंगफली खाएं। ये बहुत हेल्दी होते हैं। लेकिन जिन महिलाओं को हाई कोलेस्ट्रॉल या हाइपरटेंशन की परेशानी है, वे काजू से और डायबिटिक पेशेंट्स किशमिश से परहेज करें।



**फ्रूट्स:** व्रत के दौरान जब भूख महसूस करें तो फाइबर, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर ताजे मौसमी फल खा सकती हैं। आप सिट्रस फ्रूट जरूर लें, ताकि डिहाइड्रेशन की प्रॉब्लम ना हो। कई महिलाएं व्रत के दौरान फ्रूट्स जूस पीती हैं, लेकिन जूस पीने के बजाय साबुत फल खाना अच्छा होता है। इनमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को एनर्जी प्रदान करते हैं और व्रत के दौरान होने वाली कब्ज की समस्या को भी दूर करते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि जिन्हें डायबिटीज है वे केला, आम, पपीता जैसे शुगर रिच फलों का सेवन कम करें।

**रखें ध्यान:** व्रत में सीमित मात्रा में ही चाय-कॉफी का सेवन करें। इनके बजाय भरपूर मात्रा में नीबू पानी, जूस पीती रहें। व्रत के दौरान दिन में 2-3 घंटे के अंतराल पर कुछ ना कुछ खाती-पीती रहें। इससे ग्लूकोज लेवल मेंटेन रहेगा और आप थकावट महसूस नहीं करेंगी। *

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

नवरात्र आरंभ होते ही डांडिया-गरबा में पार्टिसिपेट करने के लिए युवतियां मचल उठती हैं। इस मौके पर सजने-संवरने में वे कोई कमी नहीं रखना चाहती हैं। आप भी जरूर ऐसा ही चाहेंगी। इसके लिए आपको अपनी ड्रेसअप के साथ ही मेकअप पर भी पूरा ध्यान देना होगा। परफेक्ट फेस्टिव मेकअप स्टेप्स के बारे में जानिए।

# इस फेस्टिव सीजन में दमके आपका रूप

मेकअप

साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

इन नवरात्रों में आपकी सोसाइटी या आस-पास डांडिया-गरबा इवेंट जरूर आयोजित होगा। आप इसमें पार्टिसिपेट भी करेंगी। इस इवेंट में आप अट्रैक्टिव भी नजर आना चाहेंगी। इसके लिए आपको अपने मेकअप पर ध्यान देना होगा और फेस्टिव मेकअप के सभी स्टेप्स प्रॉपर तरीके से फॉलो करने होंगे। इससे आपका रूप दमकता हुआ नजर आएगा। फेस्टिव मेकअप कैसे करें, जानिए।



### आइस क्यूब्स से मसाज

इस मौसम में गुलाबी ठंड के साथ दिन में हल्की गर्मी भी रहती है। इस वजह से अकसर पसीना आने से मेकअप बह जाता है और फेस पैची नजर आने लगता है। इससे बचने के लिए मेकअप करने से पहले अपने फेस पर आइस क्यूब्स से मसाज कर लें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो पहले चेहरे को कॉटन की मदद से अच्छी तरह साफ करने के बाद बर्फ से मसाज करें। इससे आपकी स्किन ऑयली नजर नहीं आएगी।

### अप्लाई करें प्राइमर

फेस की आइस क्यूब्स से मसाज करने के बाद इसे अच्छी तरह साफ कर लें। अब फेस पर प्राइमर अप्लाई करें। प्राइमर, चेहरे पर एक ऐसी लेयर को बनाता है, जिससे फेस साफ तो दिखता है, साथ ही आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहता है। इसका एक बेनिफिट यह भी है कि अगर आपको पसीना आता है तो भी आपका मेकअप खराब नहीं होगा।

### अप्लाई करें पावडर-फाउंडेशन

प्राइमर को अच्छी तरह स्किन पर लगाने के बाद चेहरे और गर्दन पर फाउंडेशन और पावडर अप्लाई करें। यह मेकअप से पहले एक बेस बनाता है और स्किन प्लेन नजर आती है। इसी वजह से आपके मेकअप को प्रॉपर लुक मिलता है।



### लाइट कलर्ड ब्लशर

जब आपका मेकअप नेचुरल दिखता है, तभी अपीलिंग और अट्रैक्टिव लगता है। इसके लिए ब्लशर का कोई नेचुरल या लाइट कलर ही इस्तेमाल करें। अगर आप डार्क ब्लशर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपके फेस पर अलग से पैच नजर आएंगे और फेस अट्रैक्टिव नहीं लगेगा। फेस्टिव ऑकेजन के लिए आप पीच, पिंक, नेचुरल रेड कलर के ब्लशर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### लगाएं वाटर प्रूफ काजल

मेकअप को कंप्लीट करने के लिए आप काजल जरूर लगाना चाहेंगी। लेकिन इस मौसम में अकसर गर्मी और पसीने की वजह से काजल फैल सकता है। काजल फैलने पर आपका मेकअप लुक ऑड नजर आएगा। इससे बचने के लिए आप वाटरप्रूफ काजल ही अप्लाई करें, क्योंकि वाटरप्रूफ काजल फैलेगा नहीं और आंखों में लंबे समय तक टिकेगा।

### ब्राइट-मैचिंग आईशैडो

यह तो आप जानती ही हैं कि फेस्टिव ऑकेजन पर थोड़ा ब्राइट मेकअप अच्छा लगता है। इसलिए आप चाहें तो ब्राइट और शिमरी मेकअप का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप ड्रेस से मैचिंग आईशैडो भी लगा सकती हैं। यह भी आप पर बहुत खूबसूरत लगेगा। ब्राइट और शिमरी मेकअप लंबे समय तक मेंटेन रहता है।

### लाइट शेड लिपस्टिक

इस बात का ध्यान रखें कि आपने आईशैडो अगर डार्क कलर का लगाया है तो लिपस्टिक में आप लाइट शेड ही चुनें। अगर आप लिपस्टिक भी डार्क शेड का चुनती हैं तो आपका मेकअप ओवर नजर आएगा।

आप लाइट पीच, पिंक, न्यूड शेड, लाइट कोरल या लाइट ऑरेंज शेड्स की लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं।

### ट्रांसलूसेंट पावडर से करें टचअप

पूरा मेकअप कंप्लीट करने के बाद टचअप करने के लिए ट्रांसलूसेंट पावडर लगाना ना भूलें। यह पावडर चेहरे पर पसीना आने से रोकेगा, साथ ही इससे मेकअप और भी खूबसूरत दिखेगा। *

प्रस्तुति : निधि गोयल

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

नवरात्र शुरू हो चुके हैं। इन दिनों आपने भी व्रत रखा होगा। व्रत के दौरान आपको कमजोरी महसूस ना हो, इसके लिए खाया जाने वाला फलाहार, स्वादिष्ट होने के साथ पौष्टिक भी होना चाहिए। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, व्रत में खाए जा सकने वाले कुछ पौष्टिक फलाहारों की रेसिपी।

# व्रत के लिए बनाएं पौष्टिक फलाहार



## पनीर दही गुझिया

**सामग्री :** गुझिया के लिए-क्रंबल्ड पनीरः 100 ग्राम, उबले मैश किए आलूः 2 मध्यम आकार के, अरारोटः 2 बड़े चम्मच, सेंधा नमकः एक चौथाई छोटा चम्मच, घीः तलने के लिए

**फिलिंग के लिए-**बादाम के टुकड़ेः 1 बड़ा चम्मच, काजू के टुकड़ेः 1 बड़ा चम्मच, चिरौंजीः 1 छोटा चम्मच, किशमिश-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटा अदरकः आधा छोटा चम्मच, हरी मिर्च पेस्टः आधा छोटा चम्मच, काली मिर्चः एक चुटकी, सेंधा नमकः एक चुटकी

**सर्विंग के लिए-**फेंटी हुई दहीः 1 कप, कुटी काली मिर्चः आधा छोटा चम्मच, सेंधा नमकः स्वादानुसार, अनार के दानेः 2 बड़े चम्मच, हरी चटनीः 1 बड़ा चम्मच

**विधि :** सबसे पहले फिलिंग की सामग्री को मिलाकर रख दें। अब गुझिया बनाने के लिए एक बड़े बाउल में घी के अलावा सामग्री डालकर अच्छे से मिक्स करके डो तैयार कर लें। इसके बाद डो के 4 हिस्से कर लें। अब एक डो की बॉल बनाकर हाथ पर फैलाएं फिर उसमें तैयार किए गए पेस्ट की फिलिंग करें। गुझिया में फिलिंग करते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह सामग्री बाहर ना निकले। अब इसे दोहरा करके गुझिया का आकार देकर हल्का सा दबा दें। फिर एक पैन में घी डालकर उसे गर्म कर लें। तैयार गुझियों को इसमें डालकर धीमी आंच पर तलें। इसी तरह सभी गुझिया तैयार कर लें। आप इन्हें मसालेदार दही या फिर व्रत वाली हरी चटनी और अनार दानों के साथ खा-खिला सकती हैं। *

## साबूदाना पीनट कटलेट्स



**सामग्री :** साबूदानाः 1 कप, भुनी हुई छिली मूंगफलीः 1/4 कप, सामक के चावल का आटाः 2 बड़े चम्मच, बारीक कटा हरा धनियाः 2 बड़े चम्मच, बारीक कटी हरी मिर्चः 1 छोटा चम्मच, बारीक कटा अदरकः 1 छोटा चम्मच, नीबू का रसः 1 छोटा चम्मच, कुटी काली मिर्चः 1 छोटा चम्मच, सेंधा नमकः स्वादानुसार, घीः तलने के लिए

**विधि :** साबूदाना पीनट कटलेट बनाने के लिए पहले साबूदाने को दो से तीन बार अच्छे से धोकर तीन-चार घंटे के लिए पानी में भिगो दें। अब मूंगफली को कूटकर पावडर बना लें। फिर भीगे साबूदाने को एक बाउल में डालें। अब एक अलग बाउल में घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री डालें और अच्छी तरह मिलाकर सॉफ्ट डो बना लें। डो तैयार करने के बाद कुकी कटर की सहायता से इस डो से कटलेट्स बनाएं। अब एक पैन में घी डालकर उसे गर्म करें। फिर पैन में तैयार कटलेट्स को डालकर उसे धीमी आंच पर तलें। गरम-गरम साबूदाना पीनट कटलेट्स व्रत वाली हरी चटनी के साथ सर्व करें। *

## फलाहारी खीर

**सामग्री :** सामक के चावलः 75 ग्राम, फुल क्रीम दूधः डेढ़ लीटर, चीनीः 150 ग्राम, कटा पिस्ताः 2 बड़े चम्मच

**विधि :** फलाहारी खीर बनाने के लिए सबसे पहले एक पतीले में आधा लीटर दूध उबालें। जब दूध उबल जाए, तब सामक के चावल धोकर दूध में डाल दें और धीमी आंच पर पकाएं। जब खीर थोड़ी गाढ़ी हो जाए, इसे गैस पर से उतार लें और उसमें चीनी डालें। फिर पिस्ता से गार्निश करें। आपकी फलाहारी खीर बनकर तैयार हो जाएगी। अब इसे गर्म या ठंडी सर्व करें। *



## देवी मन्दिरों एवं शक्तिपीठों आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बहराइच ।महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष अभियान मिशन शक्ति संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में संस्कृति विभाग की ओर से प्रदेश में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तावित किये जा रहे है।जिसके अन्तर्गत शारदीय नवरात्रि की शुभ तिथियों में प्रदेश के देवी मन्दिरों एवं शक्तिपीठों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किये गये कानूनों का वृहद प्रचार-प्रसार हेतु विशेष कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।इसके अलावा शारदीय नवरात्रि के दौरान अष्टमी एवं श्रीरामनवमी के अवसर पर सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ने हेतु प्रमुख शक्तिपीठ मन्दिरों पर स्थानीय लोक कलाकारों/भजन मण्डलियों/कीर्तन मण्डलियों के सहयोग से विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।